# तीसरी मोहर

मित्रों शुभ संध्या, आईये हम एक प्रार्थना के लिये खडे हो जाये। हम अपने सिरों को झुकाते है।

2 हमारे स्वर्गिय पिता, जैसा कि हम इस सुन्दर भजन को सुनते है। प्रभु हम सोच रहे है कि... आप समीप है। और हम प्रार्थना करते है कि आज रात्रि आप हमें अपने बालको की नाई स्वीकार करेगें, प्रभु। हमारे सारे पापों और अपराधों को क्षमा करेगें और हमे अपनी अशीषे देगें, जैसा कि हम लोग अवश्यकता में हैं।

3 और इस महान घडी जिसमे कि हम रह रहे है, और हम प्रति वर्ष देख रहे है कि संसार कैसे अंधकार और अंधकारमय होता जा रहा है। और प्रभु का आगमन चमकदार और चमकदार हो रहा है, जैसा कि वह स्वयं को व्यक्त करता है... अपने वचन में और अपने प्रकटीकरण में। प्रभु हम आज रात्रि फिर आ रहे है, इस सभा को करने के यत्न में और तुझ से प्रार्थना करने कि प्रभु हमारे लिये इस पुस्तक की तीसरी मोहर को खोल दे, कि यह हमे मालूम हो सके कि हम जान जाये कि हम क्या करे और कैसे जीये और कैसे एक अच्छे मसीह बने।

4 परमेश्वर मैं प्रार्थना करता हूँ कि आप हर एक जो मसीही नहीं है। आज रात्रि उसको यह अनुभव करायेगे कि उन्हे तेरी आवश्यकता है, इसे प्रदान करे। और स्वर्गीय परमेश्वर मैं—मैं प्रार्थना करता हूँ कि प्रत्येक नया जन्म प्राप्त मसीही इस बात को अनुभव करेगा कि उसे पहले से अधिक समीप जीना चाहिये, ताकि हम मसीही प्रेम और विश्वास की एकता में हो सके।

5 प्रदान करे कि हर बीमार व्यक्ति जा हमारे बीच में है आज रात्रि चंगा हो जायेगा, प्रभु, वे तेरी आवश्यकता को अपने मे अनुभव कर सके। और पिता मैं प्रार्थना करता हूँ, कि आप हर चीज को जो यहाँ की और कही जाये आपके सम्मान और महिमा में आशीषित करेगें, यीशु के नाम में हम इसे मांगते है। आमीन।

6 अच्छा आज रात्रि फिर से हम, फिर से यहाँ एक साथ जमा हुये है, सप्ताह में बुधवार की रात्रि में। और आज रात्रि प्रभु हम विश्वास कर रहे है कि आपकी आशीषो के महान वर्षा पर जो उसके वचन पर हो। हमेशा के

समान मैं अध्ययन कर रहा था और बातों पर सोचने का यत्न कर रहा था, कि कहने के लिये क्या अधिक उपयुक्त होगा और बातें कि इसे कैसे कहे, और प्रभु पर निर्भर कर रहा कि मुझे इसका अनुवाद और अर्थ बताये, और यह वचन जो लिखे है और इस सप्ताह जो आपने हमारे लिये किया, उसके लिये मैं आभारी हूं ताकि हम... इन मोहरों को खोलते हुये।

7 और, अब सम्भवत: यह एक अच्छी बात होगी यदि रविवार प्रात: आप जानते, बहुत सी बार... हम नही चाहते कि गलत समझा जाये, परन्तु आप जानते है, आप... यह उस तरह से होता है। और इसलिये सम्भव है, रविवार प्रात: यदि जिनके प्रश्न उनके मष्तिस्क में इस से सम्बधित है, लिख कर यहां मंच पर शनिवार रात्रि दे देंगे और ताकि मैं देख सकता हूँ कि क्या है। और फिर रविवार प्रात: मैं उत्तर देने का यत्न करूँगा प्रभु ने चाहा। मैं सोचता हूँ यह अच्छा रहेगा बजाये कि जो हम योजना बना रहे थे, क्योंकि कभी–कभी यह गलत समझ लिया जाता है। आप जानते है। और इस प्रकार से मुझे मिल जायेगा... यह अधिक अच्छा रहेगा कि मैं इसे सीधे–सीधे लू, आप जानते है, यह वैसा ही होगा जैसा होना चाहिये। क्योंकि कभी–कभी, अब...

8 आज किसी ने फोन करके कहा, जिसने फोन किया वह जानना चाहता था, कि यदि यह सही था, कि, "जब उठा लिया जाना होगा, तो जैफरसनविले से एक, और एक न्यूयार्क और बाकी वे सागर पार से होंगे।" इसलिये, देखिये, यह गलत समझा गया। फिर किसी ने कहा, कि, "शनिवार रात्रि, यदि प्रभु हमें अन्तिम मोहर देता है, तो यीशु यहाँ रविवार सुबह होगा।" समझे? इसलिये यह एक—यह एक... आप देखिये, आप—आप नहीं जानते... यह ऐसा नही है। और आप नहीं... यह नही है।

9 हम नही जानते। यदि कोई आपको बताता है कि वे जानते है कि वह कब आ रहा है, आप जानिये वे आरम्भ से ही गलत है, क्योंकि यह कोई नहीं जानता। परन्तु हम जीना चाहते है आज, जैसे कि यह अभी है।

10 अब मैं एक मिनट के लिये आपको एक प्रकार से घुमाना चाहता हूँ, इसलिये तैयार रहे। मैं—मैं विश्वास करता हूँ कि यीशु अब से तीन मिनट से कम समय में आयेगा अपने समय से आप जानते है यह कितना लम्बा होगा? लगभग पैतिस वर्ष, हजार वर्ष केवल एक दिन, उसके साथ, आपने देखा।

11 इसलिये जब आप सुनते है पीछे चेला कहता है, “समय निकट है।” यहां पर “समय निकट है।” चेले ने प्रकाशितवाक्य में कहा, आप जानते है यह कितना लम्बा समय है? यह नही था... यह बस परमेश्वर के लिये बीता कल यहाँ तक की अभी दो दिन भी नहीं।

12 अब देखिये यदि यह तीन मिनट हैं, उसके आगमन में तीन मिनट से कम है, देखिये ये लगभग तीस वर्ष के होंगे, हमारे लिये, या कुछ इसी रीती से और देखिये कैसे, उसके लिये तीन मिनट क्या होंगे: वह पहले ही उठ चुका है, आने के लिये। इसलिये हम आप... कभी–कभी जब आप यहाँ पढते है, वह वचन की भाषा में बोल रहा है, देखिये, हमारे अनुसार नहीं।

13 और यदि मैं जानता हूँ कि वह कल रात्रि आ रहा है, कल रात्रि, कल मैं अध्ययन करुंगा और उससे मांगुंगा की चौथी मोहर के लिये मुझे संदेश दे। और मै यहाँ आऊंगा और इसका वैसे ही प्रचार करुंगा। समझे? मैं हर दिन वैसे ही करना चाहता हूँ जैसा कि मैं कर रहा होऊंगा, यदि वह आता है और मैं कोई और अच्छा स्थान नहीं जानता कि कर्तव्य स्थल से उठाया जाऊ। देखिये ठीक कार्य स्थल से। इसलिये जब तक वह आता है, हम चलते रहे।

14 कभी–कभी जब हम पढते है और अब वास्तव में चौकन्ने रहे, और जब आप पढते है, तो टेपो को बहुत ध्यान पूर्वक सुने। क्योंकि यह आपको टेप पर मिलेगा, क्योंकि वहाँ पीछे वे टेप चला रहे है और वे वास्तव में अच्छे और स्पष्ट है। इसलिये यह आपको वहाँ से स्पष्ट मिलेगा।

15 मैं आशा करता हूँ, आज रात्रि अब हर कोई प्रेम में मसीह के साथ है, और सब उससे प्रेम कर रहे है।

16 मैं आपको बताता हूँ, कभी लोगो को क्या भ्रमित करता है। कोई जो भीतर आता है और सभा का पहला भाग नहीं ले पाया। आप देखिये, तब वे भीतर आते और आपको पिछला उल्लेख करते सुनते है पिछले कुछ पर टिप्पणी और वे तब उसे लेते है कि क्या कहा और पहला भाग नही ले पाये। तो यह सब उन्हें चकरा देता है, अब आप देखिये, तब। वे सोचते है कि कुछ भिन्न कहा गया था, परन्तु यह——परन्तु यह नहीं।

17 इसलिये आपके पास प्रश्न है, जो आप नहीं समझते तो बस एक कागज के टुकडे पर लिखे, इसे अब से और शनिवार रात्रि के बीच वहाँ अन्दर रख दे। और रविवार की प्रात: मैं कोशिश करुंगा कि... यदि यह

थोडा सा उलझाने वाला है आप कहते है, "भाई, मुझे आश्चर्य है कि *इसका* क्या अर्थ है यहाँ पर, मैं इसे नहीं समझा।" आप जानते है मेरा क्या अर्थ है, तो फिर मैं आपको रविवार प्रात: उत्तर देने कि कोशिश करूँगा, प्रभु ने चाहा।

18 अब, आज रात्रि हम फिर इस पुराने धन्य वचन से पढने जा रहे है, छठवे अध्याय में। और आज रात्रि हम तीसरी मोहर से आरम्भ करेगें। और यह पांचवा पद, पांचवा और छठा पद।

19 और कल आनेवाली रात्रि हम चार घुडसवारों को बंद करते है; सफेद घोडा, और लाल घोडा, काला घोडा और पीला घोडा।

20 और मैं यह कहना चाहता हूँ, कि हरबार, यहाँ तक कि आज प्रात: लगभग... मैं बहुत जल्द सुबह उठ गया, और चीजों के हलचल से पहले प्रार्थना में गया और सारे दिन प्रार्थना करता रहा। परन्तु आज प्रात: जल्द ही पवित्र आत्मा जहाँ मैं था, आया। और ऐसे ही स्पष्ट जैसे कुछ भी मैंनें दुसरी वाली मोहर को खुलते देखा, बिल्कुल ठीक। अब—अब—अब वह मेरी सुनता है, मैं जानता हूँ। और मैं बहुत ही आभारी हूँ।

21 अब आप इस बात को याद रखेगें कि कुछ हो रहा है। मैं—मैं आशा करता हूँ कि आप समझ रहे है, देखिये, देखिये कि कुछ घटित हो रहा है। मैं इस कलीसिया को एक बार परखना चाहता हूँ और देखूं कि यह कुछ समझ सके है, इसके पहले कि यह वास्तव में घटित हो। अब स्मरण रखे, मैंने आपको क्या बताया है। और, अब, प्रभु हमारी सहायता करे।

22 अब पांचवा पद।

> *जब उसने तीसरी मोहर खोली, तो मैने तीसरे प्राणी को यह कहते सुना, आ... मैनें दृष्टि की और देखो एक काला घोडा है; और उसके सवार के हाथ में एक तराजू है।*
>
> *और मैने उन चार प्राणियों के बीच में से एक शब्द यह कहते सुना, दीनार का सेर भर गेहू और दीनार का तीन सेर जौ, पर; तेल और... दाखरस की हानि ना करना।*

23 अब आईये हम इसकी थोडी सी भूमिका ले, और मोहरों पर जो हम ले चुके। क्योंकि, जैसे कलीसियायी युगो में क्यो हम भूमिका देने की कोशिश करते है, एक प्रकार से एक दूसरे को ढांकती है, जब तक कि आप...

वचन में युग वास्तव में इस प्रकार से हैं, एक दूसरे को ढांपते है, प्रकार से, जैसे डंडे वाली सीढी चढना और बल्की सीढी चढना; एक दूसरे को नीचे करता है और इस प्रकार से वापस आता है, जैसे आप ऊपर कदम रखते है।

24 अब यह, मोहरे... यह मोहरबंद छुटकारे की पुस्तक है। हर कोई इसे समझता है? [सभा "आमीन" कहती है—सम्पा।] और यह पुस्तक सात मोहरो से बंद है। यह सात मोहरो से बंद पुस्तक है। समझे?

25 और अब याद रखे, जैसा कि हमने आपके सामने इसका चित्रण किया है। और यर्मयाह और सब से इसे लिया है। अब वे, जब उनके पास था... उन्होंने इस प्रकार से लिखा उस लेख के टुकडे पर या एक कागज बल्की याने कागज पर नहीं, परन्तु यह खाल थी। [भाई ब्रन्हम लपेट कर दिखाते है, और लिपटे हुये को मोहर करते हुये, एक कागज के पन्ने के द्वारा।—सम्पा।] और उन्होंने इसे *इस* प्रकार से लपेटा। अब वह... और इसका सिरा इस प्रकार से छुट गया था; यह सूचित करता है वहाँ क्या है, तब अगले वाले को उसी स्थिति में रख कर उसी प्रकार से लपेटते है, *इस* प्रकार से लपेटते है। और फिर यहाँ अन्त में, यह *इस* प्रकार से फटा हुआ है, दूसरा वाला छुट गया।

26 ठीक है, यह सात मोहरों से बंद पुस्तक थी। अब, इन अन्त के समय तक *ऐसी* पुस्तक नही थी। पुराने समय में यह लिपटे हुये थे। उन्हे लपेट दिया गया था। और तब जब वे विषय को चाहते या कोई चीज... जैसे कि यदि बाइबल लिपटी हुयी हो आप यशायाह की पुस्तक पढना चाहते है; आप यहाँ यशायाह तक घुमायेगें और *इस* प्रकार से लिपटे हुये को खोलते जायेगे और इसे पढते है। और यह छुटकारे की सात मोहरों से बंद पुस्तक है।

27 और अब हम पाते है कि मेम्ना बाहर आता है, और उसके हाथ से पुस्तक लेता है जो सिंहासन पर बैठा है, और मोहरों को तोडता है और—और खोलता है, और खोलता है... लोगों के लिये, मोहरों को खोलता है।

28 और चार जानदार वहाँ बैठे है, यह हमने कलीसिया कालों में लिया है, वही चार पशु, आप इन सब को वचन में से होते हुये देखते है, और ये वे ही है जो इन मोहरों की टूटते हुये घोषणा करते है। अब हम देखते है, यह एक—एक छुटकारे की पुस्तक है।

29 और फिर हमने वापस जा कर और छुडानेवाले निकट कुटम्बी को लिया और देखते है कि उसका क्या कार्य था। और इन सारे वर्षो में मसीह छुडानेवाले निकट कुटम्बी का काम कर रहा है। अब जितने यह समझते है, "आमीन" कहे। [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] वह छुडानेवाले निकट कुटम्बी का काम कर रहा था।

30 परन्तु एक समय आयेगा कि जब छुडाने का काम पूरा हो जायेगा। और जब छुडाने का कार्य पूरा हो जायेगा, तब वह परमेश्वर के सिंहासन को छोड देता है, जहाँ वह अब बैठा है, परन्तु वह उसका सिंहासन नहीं है। "वह जो जय पायेगा मेरे साथ मेरे सिंहासन पर बैठेगा, जैसे मैं जय पाकर अपने पिता के सिंहासन पर बैठ गया।" यह उसका सिंहासन नही है, वह आत्मा परमेश्वर से सम्बधित है, मसीह, मेम्ना यह उसका नही है। वह अवतरित परमेश्वर है, देखिये; जो कि वही परमेश्वर है, अवतरित हुआ। अब वह सिंहासन से उठता है...

31 पहले वह घोषणा की गयी, "कौन आने के योग्य है और... कि इस छुटकारे की पुस्तक को ले? " देखिये, छुटकारे की पूरी योजना के लिये, आदम से, वह सब जो आदम ने खोया।

32 आदम तक कुछ नहीं खोया था। और आदम के बाद पृथ्वी पर सब खो गया। और सृष्टि की हर चीज जो पृथ्वी पर थी, खो गयी थी। और हर चीज जो आदम के साथ थी गिर गयी उस गहरी खाई को पार कर दिया, जिस से कोई वापस नहीं आ सकता था कोई विधी नहीं थी, मनुष्य जब उसने पाप किया उसने अपना मार्ग छोड दिया, उसने अपनी वापसी का मार्ग नहीं छोडा। और फिर...

33 जब यह प्रश्न पूछा गया; यूहन्ना प्रकाशनवाला, वह भविष्यद्वक्ता यूहन्ना दर्शन में था और यह देखा, और वहाँ स्वर्ग में कोई मनुष्य नहीं था, पृथ्वी पर कोई मनुष्य नही था, पृथ्वी के नीचे कोई मनुष्य नहीं था या कोई भी यहाँ तक कि, योग्य भी नहीं, कि इस पुस्तक की ओर देखे। समझे? अब जरा इस पर विचार करे। तब मेम्ना सामने आता है और वह पुस्तक लेता है, अब यूहन्ना से कहा गया था कि और ना रोये। उसने कहा, "देखो, यहूदा का सिंह जयवन्त हुआ है, और—और वह पुस्तक ले सकता है और इसे खोलता है।" इसलिये, वह सिंह को देखने के लिये पीछे मुडा और उसने एक मेम्ना देखा। प्राचीन ने पुकार कर कहा, "एक सिंह जयवन्त हुआ है।"

परन्तु जब वह आया और देखा, यह एक मेम्ना था सिंहासन से बाहर आ रहा था।

34 अब, उसने इस से पहले कभी ध्यान नहीं दिया था। क्यों? वह वहाँ पीछे अपना बिचवाई का कार्य कर रहा था; वह लोगों के लिये लहू बहा रहा था, लोगों के लिये बिचवाई कर रहा था, जब तक की अन्तिम प्राण जो कि मेम्ने के जीवन की पुस्तक में पृथ्वी के रचने से पहले था, अन्दर आ जाये। अब वहाँ बहुत से होने जा रहे है और यही है, बस, दूसरे वहाँ आना भी नहीं चाहते, उनकी वहाँ अन्दर आने कि इच्छा भी नही है। और इसलिये, तब जब अन्तिम प्राण अन्दर आ जाता है, तब छुटकारे का समय समाप्त हो गया।

35 तब मेम्ना अपने अधिकार का दावा करने के लिये अन्दर आता है, जो उसने छुडाया है, पृथ्वी और सारी चीजे उसकी है। समझे? उसने इसे अपने ही लहू से छुडाया है। और जब वह इस पुस्तक को लेने आता है कि इसे खोले, क्यों, मेरा, वे... यूहन्ना फिर और नहीं रोया और उसने देखा और यह मेम्ना एक घात किया हुआ मेम्ना था, यह पहले ही मारा जा चुका है, परन्तु यह फिर से जी उठा था। और अब हम पाते है कि यह घात किया गया मेम्ना, लहूलुहान मेम्ना है, सारा लहूलुहान, यह घात किया गया है, इसके घात किये जाने के बाद, यह फिर से जीवत हो उठा था यह सिंहासन पर बैठा था, कहे कि सिंहासन में पीछे की ओर *इस* प्रकार से, उन सब प्राणों के लिये बिचवाई कर रहा था जो आयेगें। तब जब अन्तिम वाला यहाँ था और यह पूरा हो गया... परमेश्वर अब भी छुटकारे की पुस्तक को पकडे हुये है। समझे? अब वह बस निकट कुटम्बी का कार्य कर रहा है।

36 जैसे, बोआज गया और रुत बस बैठी हुयी थी, वहाँ जब तक की बोआज... मेरा अर्थ बोआज ने किया, निकट कुटम्बी छुडाने वाले का कार्य। अधिक समय नहीं हुआ, आपको याद है, मैंने प्रचार किया? रुत, सिला बीन रही है; और रुत, उसने जो भी किया और आगे और अन्तिम बात रुत प्रतीक्षा कर रही है। याद है मैने कैसे कलिसिया के प्रतीक में किया? जब बोआज निकट कुटम्बी छुडाने वाले का कार्य कर रहा है, उसने किया, उसने अपना जूता फैका और एक गवाही दी और निओमी को छुडा लिया और इस से होते हुये रुत को छुडा लिया। अब इसलिये रुत केवल प्रतीक्षा कर रही है, क्योंकि वह परिश्रम कर चुकी है। उसने वह सारी चीजे कर

ली है, परन्तु अब वह प्रतीक्षा कर रही है। तब जब... कलीसिया विश्राम कर रही है, विश्राम कर रही है। (उनमें से बहुत से, उनमे से अधिकांश भूमी की मिट्टी में है।), जब कि वह छुडानेवाले निकट कुटम्बी का कार्य कर रहा है।

37 अब, अब भी संसार बुरी दशा में होता जा रहा है। और पाप बीमारियाँ और परेशानियाँ और मृत्यु और दुख बढते जा रहे है। पुरुष और स्त्रीयाँ ईश्वर रहित मर रहे है। कैन्सर उन्हे खा रहा है और सब बातें, जब वे उपयुक्त प्रयाप्त विश्वास वहाँ पहुचने के लिये नहीं ले सकते और उसको थामे रहे।

38 अब, ध्यान दे। परन्तु तब इस सबके पूरा हो जाने के बाद, उसके... बिचवाई के हो जाने के बाद, वह सामने आता है, उसके हाथ से पुस्तक लेता है। और तब यूहन्ना और स्वर्ग में सारी चीजे और वेदी के नीचे के सारे प्राण चिल्लाना आरम्भ कर देते है, हम इसे फिर से छठवी मोहर में लेगे। और कैसे आनन्दित होते है! और—और वे प्राचीन गिर पडते है और संतों कि प्रार्थनाये उण्डेल देते है और वेदी के नीचे के सारे प्राण चिल्ला पडे, "तू ही केवल योग्य है, क्योंकि तूने हमे परमेश्वर के लिये छुडा लिया! और हम पृथ्वी पर वापस जा रहे है कि राजाओ और याजको का जीवन जीये।" ओह वहाँ एक महान था...

39 और यूहन्ना ने कहा, "हर चीज जो स्वर्ग में है, हर चीज जो पृथ्वी के नीचे है," और हर चीज को इस विषय मे परमेश्वर की महिमा करते सुना। यूहन्ना ने अपना नाम वहाँ देख लिया होगा, आप जानते है। उस सारे समय में!

40 तब उसने कहा, "वह छुटकारे की पुस्तक को लेने के योग्य है।" अब इसका न्यायी से कोई मतलब नही। यह छुडाने वाले की है, और छुडाने का कार्य कर दिया है।

41 अब वह कलीसिया को दिखाने जा रहा है की उसने क्या किया। आमीन। समझे? तब उसने लिया... परन्तु पुस्तक बंद है। कोई भी कुछ नहीं जानता। केवल वे इसे जानते है, ये वहां छुटकारे की पुस्तक है, परन्तु इसे अन्त के दिनों में प्रकट होना है। प्रकाशितवाक्य 10 के अनुसार सातवां दूत इसका सन्देश देने जा रहा है। क्योंकि यह कहा गया, "सातवी कलीसिया के दूत के शब्द देने के दिनों में, परमेश्वर के सारे भेद उसकी आवाज के

साथ समाप्त हो जायेगे।” तब इसके प्रकट होने के पश्चात, स्वर्गदूत स्वर्ग से उतर कर आया जो कि मसीह था। अब स्मरण रखे यह दूत यहाँ पृथ्वी पर है, एक सन्देशवाहक।

42 मसीह नीचे उतर कर आता है, आप इसे प्रकाशितवाक्य के 10 वे अध्याय में देखते है; एक पांव पृथ्वी पर दूसरा समुद्र पर रखा; मेघधनुष उसके सिर पर है, आंखे जैसे और पांव आग के खम्बे के समान और आदि–आदि, और अपना हाथ उठा कर अपनी शपथ खाता है, जो सदा–सदा से जीवंत है, सिंहासन पर है, “अब तो समय और ना होगा।” और जब उसने यह शपथ खाई, सात गर्जनो ने अपनी आवाज दी।

43 और लेखक जो कि यूहन्ना जब ऊपर उठा लिया गया, तो उसने देखा लिखना था, उसने यह लिखना आरम्भ किया, उसने कहा, “इसे मत लिख।” क्योंकि... “ये ना लिख।” यह एक... उसने कहा, “इसे बन्द कर दे।” इसमे क्या है? “इसे मोहरबन्द कर दे। इसे मत बोल।” देखिये इसे प्रकाशित होना है, परन्तु यह यहाँ तक की शब्द भी नहीं लिखा है।

44 और तब जब वह मोहरो को खोलने लगा, हम पाते है यह सब एक समस्या है। समझे? जब उसने पहली मोहर खोली, उसने सोचा, “अब यहाँ यह कहने जा रहा है, ‘और यह आयेगा कि *अमूक–अमूक* सिंहासन को लेगा और *अमूक इसे* करेगा और यह *वह* करेगा।’”

45 परन्तु जब यह था, यहाँ वह चला गया एक सफेद घोडा दौडता हुआ और उस पर एक घुडसवार है। ठीक है, “उसके हाथ मे एक धनुष था; और उसे थोडी देर के बाद एक ताज दिया गया।” उसने कहा बस।

46 और मेम्ना फिर से घूमा और दूसरी मोहर खोली, और यहाँ एक काला गया... एक लाल घुडसवार। “और उसके पास... एक—एक तलवार दी गयी; और वह एक युध्द करने जा रहा है और बडी सामर्थ दी गयी और शांती को पृथ्वी पर से उठाले और एक दूसरे को वध करे।” वह एक प्रकार का... अब भी एक भेद भरी बात है (क्या यह नही है? ), जब उसने इसे खोला।

47 और तब बढता रहा, और कहा, “उस दिन इन गर्जनो के थोडा सा पहले, यहाँ सारे भेद प्रकट कर दिये जायेगे।”

48 अब देखिये। तब हम पाते है, जैसा कि हम इन युगों में अध्ययन करते आ रहे है, हमारे पास सुधारक थे, ना कि भविष्यद्वक्ता सुधारक! और प्रत्येक कार्यस्थल अपना ही करता है, अपना—अपना ही कार्य।

49 जैसा कि एक मनुष्य जो कि एक—एक टेलीफोन को चलाने वाला होता है। सही मे वह बिजली का कार्य करनेवाला नही है। वह इसमे छोटा–मोटा कार्य कर सकता है और जैसे कि वह लाईन मैन है, भाई निश्चय वह... एक व्यक्ति खम्भे का खड्डा खोदने वाला और उसने कभी लाईन का काम नही किया है। तो अच्छा है वह इससे अलग रहे; परन्तु वह थोडा सा जोड–तोड का कार्य कर सकता है या ऐसे ही कुछ।

50 परन्तु जब वास्तविक चीज अन्त के दिन में प्रकट की जाने वाली है, कलीसिया का अन्तिम भाग, जब कि उसने कहा है कि वह हमारे पास वचन के अनुसार भेजेगा। और हमने इसे पूरी रीति से खोज लिया है, कि उसने ऐलिय्याह के आत्मा की भविष्यवाणी की है कि वह किसी व्यक्ति में वापस आयेगा। अब मैं सोचता हूँ यह स्पष्ट हो गया है। और हम... और हम उसके घटित होने की राह देख रहे है; कही एक अभिषिक्त व्यक्ति इन अन्त के दिनों में खडा होना है। अब आप बहुत से हठधर्मिता और बहुत सी बाते सुनेगे, परन्तु ये केवल, केवल कोशिश कि... यह शैतान जो कि वास्तविक कि... यह शैतान है जो कि वास्तविक से हटा दे, जब वह यहाँ आये। परन्तु यह सही में प्रमाणित होगा, आप जानते है एलिय्याह कौन था; और उस पर ध्यान करे और आप—आप जान जायेंगे। और तब जब वह... अब चुने हुये जान लेंगे।

51 ना कि दूसरे, निश्चय ही नहीं करेगें। वे इसमे चूक जायेगे, लाखो मील से जैसे... हम इस सब में से हो कर निकले और दिखा दिया की वे कैसे यूहन्ना से चूक गये, कैसे वे ऐलिय्याह से चूक गये, कैसे वे यीशु से चूक गये, कैसे वे सब पर चूकते रहे। और वे वही करेगे क्योंकि बाइबल ने कहा, वे होंगे। समझे? इसलिये तब उस समय में यह बहुत ही नम्र होगा, यह बहुत ही सादा होगा, यह होगा... जिस से लोग इस से दूर हो जायेगे, यह उनके लिये बहुत ही साधारण होगा, हम पाते है कि सदा, जब लोग बुध्दिमान और तेज होते है और सब कुछ जानते है तब बस वे... इसी प्रकार के लोग चूकते है आप जानते है। समझे?

52 यीशु ने कभी भी इस प्रकार के लोगों को अपना चेला होने के लिये नही लिया। उसने अनपढो, मछुआरों को लिया, कोई भी उनकी कलीसियाओ और चीजों से नही था। उसने साधारण से लोगों को लिया, चुंगीवाले और किसान और मछली वाले आदि–आदि कि उसके कार्य को करे। समझे? क्योंकि वे—वे जानते है कि वे कुछ नहीं है, तो वह उनमे से कुछ बना सकता है। जब तक कि वे जानते है कि वे कुछ नही है, तब परमेश्वर काम कर सकता है।

53 परन्तु जब वे सोचने लगते है कि वे कुछ जानते है, “तो आप वह कुछ नहीं जानते जो आपको जानना चाहिये,” बाइबल कहती है। और तब इस प्रकार हम—हम पाते है।

54 और हम पाते है, कि ये भेदों को प्रकट हो जाना चाहिये।

55 और क्यों नहीं ये दूसरे व्यक्ति, वैसली, लूथर और वे महान सुधारक जो न्यायोचितता, पवित्रीकरण, पेन्टीकोस्टल युग को पवित्र आत्मा के बपतिस्मे के साथ लाये और दूसरी चीजे वे इन—इन सन्देशो को क्यों नही समझने पाये? क्यो नही वे उन्हे पा सके? क्योंकि वे सुधारक थे। समझे?

56 जैसे कि हम दूसरी ओर ले, लोग आये जो थे, “राजाओ के समान उनके पास सामर्थ थी, परन्तु राजा नहीं थे।” समझे? समझे? आपको बाइबल की किसी भी शब्दावली पर ध्यान करना है। समझे? अब, ध्यान करे। न्यायोचितता का भेद पूर्ण भाग, पवित्रताई का भेदपूर्ण भाग, पवित्र आत्मा के बपतिस्मे का भेद पूर्ण भाग के ना समझ में आने वाले भागो के कारण। और क्यों, किस प्रकार से हुआ... क्या हवा ने सेब खाया था, अनार खाया था कुछ और? समझे? ... सर्प का वंश क्या था? और—और क्या बपतिस्मा, “पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा,” के नाम में है या “प्रभु यीशु” के नाम में सही है? और, ओह, वह सैकडो बातें अनसुलझी रह गयी। समझे?

57 और तब इस अन्तिम घडी में इस व्यक्ति को आना है और बातों को प्रगट करना है, वचनो के लेकर। यह सही प्रकार से प्रमाणित होगा। देखिये, जी हाँ श्रीमान। और अब, वह कोई बडी महान चीज नही होगा। यहाँ बाइबल में इस प्रकार दिखाई पडता है, यह कोई महान चीज होगी।

58 यह कितना बडा था, जब यूहन्ना को यहाँ आकर बपतिस्मा देना था! अब जरा सोचे। नबी लोग पीछे भूत में, यशायाह, मलाकी और सारो ने

इसके विषय में बोला, जब वह आयेगा। और जब वह आया, अकेला, पुराना, अनपढ व्यक्ति सारे चेहरे पर दाढी और बाल चिपके हुये कीडो के समान लटक रहे है और पुरानी भेड की खाल उसके चारो ओर लिपटी हुयी है; बिल्कुल भी शिक्षित नही, कभी जीवन भर एक दिन के लिये भी पाठशाला नही गया, जहाँ तक की हम जानते है। समझे? और यहाँ वह जंगल से निकल कर आता है, यहाँ तक की प्रचार मंच पर स्वागत तक नहीं हुआ। वहाँ यरदन नदी पर खडा हुआ है, और लोगो को प्रायश्चित करने के लिये बुला रहा है। क्या आप कल्पना कर सकते है!

59 बाइबल ने कहा, “उस दिन हर चीज इतनी महान होगी, यहाँ तक कि ऊंचे स्थान नीचे ना कर दिये जाये और सारे नीचे स्थान ऊंचे किये जाये।” जी हाँ, श्रीमान। “और सारे ऊबड–खाबड स्थान समतल किये जायेगे।”

60 क्यों, मैं कल्पना करते हुये उन्हे देख सकता हूँ, सोचे यूहन्ना बाहर आयेगा या मसीह के आगे चलनेवाला महान, और सारे रेगिस्तान को लेकर बराबर कर देता है, और उसमे फिर से घास लगा देता है। समझे? ओह, वे, मैं कल्पना करता हूँ, उन्होंने सब तय कर दिया था, जैसे कि इस बारे में आज है।

61 परन्तु, वह इतना नम्र था, यहाँ तक की चेले भी चूक गये, उन्होंने कहा, “तो फिर शास्त्र क्यों कहता है यदि... तू तो वहाँ बलिदान होने गया? तो फिर शास्त्र क्यों कहता है कि—कि एलिय्याह को पहले आना है? ”

62 उसने कहा, “वह तो पहले ही आ चुका, और तुमने यह नही जाना और मनुष्य का पुत्र, वे वही चीज फिर करेंगे। परन्तु यूहन्ना,” उसने कहा, “उसके साथ वही किया था जो करने के लिये ठहराया गया और उन्होंने उसके साथ वही किया जो करना ठहराया था। और” कहा, “इसी प्रकार मनुष्य का पुत्र दुख: उठायेगा।”

63 क्यों, मेरा अनुमान है वहाँ सारे यहूदी जाति में से एक तिहाई ने भी, कभी नही जाना कि यीशु मसीह पृथ्वी पर था। नही... उन्होंने कुछ ऐसा ही सुना कि कोई कट्टरवादी वही कही है, परन्तु उन्होंने इस पर ध्यान नही दिया, बस चलता रहा। “वह अपनो के पास आया और उसके अपनो ने उसे ग्रहण नही किया।” अब, यही जहाँ मैं विश्वास करता हूँ, यहाँ तक की... अब, इसने यह नही कहा कि वह चुपके से आयेगा।

64 परन्तु उठा लिया जाना चुपके से होगा। इसलिये यदि वह इतना छुपा हुआ था, जब वह आया तो उठा लिया जाना कितना अधिक अनजाना होगा! समझे? वे नही जान पायेगे, सीधे–सीधे वे कहेंगे, “भाई, मैने सोचा अब तो हमे उठा लिया जाना चाहिये। और यह सारा न्याय पृथ्वी पर है? ”

65 वह कहेगा, “यह तो पहले ही घटित हो गया और तुम्हे मालूम ना हुआ।” समझे? यह भी ऐसे होगा, जैसे चोर रात के समय में।

66 जैसे कि एक—एक पुस्तक मैने एक बार पढी थी। वह क्या कहलाती है? *रोमियो और जूलीयट* यही जो वह थी या कुछ ऐसे ही? उसने घर के एक ओर सीढी लगाई, किसी प्रकार से। मैं बहुत समय पहले, और आकर उसे ले गया... उसको रात के समय ले गया।

67 अब, यह इसी प्रकार से होगा और यह चला जायेगा ना कि स्वर्गदूतो का झुण्ड नीचे बेलचो के साथ आयेगा और कब्रो को खोदेगा। बाइबल ने कहा, “हम बदल जायेंगे, इसके पहले कि हम पलक भी झपके।” पल भर में यह हो जायेगा, इतनी जल्दी।

बस कहे, “कि कोई गायब हो गया।”

68 अच्छा मैं कल्पना करुंगा यदि आज हम सारे संसार में ढूढे कि हर दिन पृथ्वी पर से पांच सौ लोग गायब हो जाते है। देखिये, उन्हे इस विषय में कुछ भी मालूम नहीं। वे आते है और गायब हो रहे है।

ठीक, वहां पर बहुत सारे उस उठा लिये जाने में नही होने जा रहे हैं।

69 अब मैं आपको डराना नही चाहता, और मैं—और मैं—मैं—मैं—मैं नहीं सोचता कि यह इस प्रकार से है, परन्तु मैं बस आपको बताना चाहता हूँ कि उसने क्या कहा और आप अपने में जानते है। “जैसा कि यह नूह के दिनों में था जब कि आठ प्राणी जल के द्वारा बच गये। सारे संसार से आठ प्राणी, जल के द्वारा बच गये।”

70 अच्छा आप कहते है, “ओह, प्रभु! तो मुझे कोशिश करने की आवश्यकता नही है।” तो यह ये दर्शता है कि आपके पास वह विश्वास नही है, जिसकी आवश्यकता है।

71 यदि वहाँ केवल एक ही जा रहा—जा रहा है, तो वह मैं हूँ, आमीन, क्योंकि मैं विश्वास करता हूँ। समझे? आपको इस प्रकार से विश्वास करने कि इच्छा होनी चाहिये, देखिये, “मुझे होना है।” निश्चय ही। मैं इतने समीप

रहना चाहता हूँ कि मैं जानता हूँ जब वह आता है तो वह मुझे लेने जा रहा है। मैं इसका विश्वास करता हूँ। यह ठीक बात है। यदि वहाँ कोई... यदि सब कोई इसमे चूक जाये मैं वहां होने जा रहा हूँ उसके अनुग्रह के द्वारा, क्योंकि उसने मुझ से प्रतिज्ञा की है, और मैं जानता हूँ कि मैं वहाँ होने जा रहा हूँ क्योंकि वो झूठ नहीं बोल सकता। और मैं जानता हूँ कि मेरा प्राण और मेरा जीवन गवाही रखता है और मै हर दिन ऐसे जीने का यत्न करता हूँ कि वह आ रहा है। इसलिये मैं—मैं—मैं ही वहाँ होने जा रहा हूँ आपको इस प्रकार से अनुभव होना चाहिये। "यदि वहाँ आठ होने वाले है, तो उन आठ में से मैं एक होऊंगा; पांच सौ जा रहे है, तो पांच सौ में से मैं एक होऊंगा। मैं कुछ नही जानता, दूसरे के विषय में, मैं एक होना चाहता हूँ।" समझे? आपको इस प्रकार से याद रखना चाहिये। समझे?

72 और यदि आप इस प्रकार से याद नहीं रखते है, तो फिर आपके विश्वास में कही गडबड है। समझे? तो फिर आप अब भी निश्चित नहीं है कि आप बच गये है आप बस यह अनुमान लगा रहे है। ऐसा ना करे। ठीक है।

73 हम इस मोहर में प्रवेश करने नहीं जा रहे है, क्या हम? ठीक है मैं चाहता हूँ हर रात्रि... मैं नही जानता कि आप बुरा तो नहीं मान रहे है कि मैं आपका समय ले रहा हूँ। हम थोडा सा जल्दी निकल सकते थे। यहाँ कोई बहुत...

74 उन्हे प्रकट करने में, इन मोहरो को, याद रखे, यह वास्तव में एक पद है। पहले में इसकी घोषणा की जाती है, दूसरे पद में। लगभग सारी टिप्पणियाँ और आदि–आदि, इसको पढते हुये या—या उनके विचार पढते हुये और मैं—और मैंने सदा उन सब के समान विश्वास किया, जो उन्होंने किया कि पहला घुडसवार पहली कलीसिया थी। परन्तु जब पवित्र आत्मा ने यह प्रकट किया, यह तो इसके बिल्कुल विपरीत था। और इसलिये ये तब यह कुल मिलाकर यह दिखाता है कि यह क्या है। और तब मैने कोशिश की...

75 अब, यह मेरे लिये बहुत ही पवित्र है। यही कारण है कि बजाये मैं इन प्रश्नों के उत्तर दूँ। और इसे लू हर कोई इसे स्पष्ट जानता है और टेपो पर, कि वे अब इसे समझ जायेगें। समझे? मैने थोडी देर इस पर बोलने की कोशिश की, रात्रि में कि इसकी भूमिका पर लोगों को लाऊं...

76 हडबड और धक्कामुक्की और आपको यह नही करना चाहिये। समझे? परन्तु जब यह होता है यह मनुष्य है। और यह यहाँ पर—पर गर्म है, और आप—आप लोग बेचैन है।

77 परन्तु आप लोग बहुत बहुत ही अच्छे है। सबसे अच्छा जो मैने कभी देखा, लोगों का व्यवहार इस कलीसिया में, जो इस सभा में रहे; और शान्त बैठे रहे, माताये अपने बालको को जब भी वे रोय नर्सरी में ले गयी, और हर चीज बहुत ही बढिया।

78 परन्तु मैने भूमिका बांधने की कोशिश की, जब तक की मैने अभिषेक के आत्मा को अपने ऊपर अनुभव नहीं किया कि इन शब्दों को कहूँ, बताऊँ कि मुझ पर क्या प्रकट हुआ है। और तब यदि मैं यह कही पर कर रहा हूँ, यदि मैंने यहाँ पर गलती की निश्चय ही यहाँ सब लोगो के सामने वह मुझे इसके लिये सही करेगा। मैं—मैं यह चाहता हूं, यह—यह... मैं इसे ठीक चाहता हूँ कोई आवश्यकता नही कि जो आप कल्पना करते है, वह ले। कुछ तो सही है और—और मैं वह चाहता हूँ, हम चाहते है परमेश्वर हमें वह दे, जो सही है।

79 इसलिये अब हम इन घुडसवारों को लेंगे, जैसे–जैसे यह आते है। अब पहला घोडा और हम अनुभव करते है कि यह मसीह विरोधी था जो आगे बढा। और तब बीती रात्रि हमने पाया, कि वही व्यक्ति जो मसीह विरोधी के समान आगे बढा एक सफेद घोडे के समान, बीती रात्रि हम उसे तलवार के साथ पाते है, सवारी करते हुये लोगों को मार रहा है।

80 अब, अब वहाँ सदा स्वभाविक और आत्मिक है। और कलीसिया के लिये, मैं प्रतिछाया में चाहता हूँ, इसके पहले कि हम इस मोहर के खोलने में जायें।

81 जो कि उसने मुझे दिया, मैने इसे यहाँ पर लिख लिया है। यहाँ मेरे पास बहुत से पवित्र लेख है, इसके सात या आठ पन्ने और जैसा कि मैने इसका उल्लेख किया।

82 ध्यान दे, मैं कलीसिया कि एक प्रतिछाया देना चाहता हूँ और इसको इतना स्पष्ट कर दू कि आपको यह दिखाई पडेगा। समझे?

83 अब अदन की वाटिका में एक स्वभाविक दुल्हन थी। पिछली रात्रि याद है? वह स्वभाविक दुल्हन आदम की प्रिय थी, अभी तक उसकी पत्नी नहीं थी, क्योंकि उसने उसे अभी तक पत्नी करके जाना नहीं था।

84 जैसे कि मरियम यूसुफ की पत्नी थी, परन्तु उसने उसे अभी तक नहीं जाना। “वह एक बालक के साथ पायी गयी।” समझे?

85 अब इसके पहले कि आदम अपनी पत्नी को जानता, वह बस उसकी दुल्हन थी। ठीक है। और हम पाते है कि परमेश्वर... वह, वह अदन की वाटिका में गिर गयी, क्योंकि वह परमेश्वर के वचन को थामे रहने में असफल रही।

86 अब, वो जानता था कि शैतान उनके बीच में छोड़ा जायेगा, इसलिए उसने उन्हें एक—एक स्थान दिया कि वे उसके पीछे रहे; उन्हें सुरक्षित किया। भाई, कौन सबसे अच्छा स्थान जान सकता है कि सुरक्षित रहे, सिवाय परमेश्वर के, यदि वो अपने ही बालको की रक्षा करने का यत्न करता है?

87 यदि मैं अपने छोटे जोसफ का ध्यान रखना चाहूँ, अच्छा है, भाई हर चीज... और मुझे मालूम है कि इसका जीवन इस पर निर्भर है, क्यों मैं चाहूँगा... और मैं इसे करने के योग्य था। अच्छा, यदि चालीस फिट चौडी सीमेंट सरिया इस चीज को करेगा, ये... मैं नब्बे फिट बनाता हूँ कि मैं निश्चित हो जाऊं।

88 और यदि मैं अपने छोटे लडके के लिये सोच सकता हूँ, (जो कि यदि उसका संसारिक जीवन नष्ट हो गया था, मैं विश्वास करता हूँ कि बालक बच जायेगा) तो फिर परमेश्वर के लिये कितना अधिक, अपने बालक के लिये जो कि अनंत में खो जायेगा! उसे किसके पीछे रखना चाहिये? उसने उसे अपने वचन के पीछे रखा जब तक आप उस वचन में हैं, आप सुरक्षित है। “यदि तुम मुझ में बने रहो और मेरा वचन तुम में तो जो चाहो मांगो।” यही वचन है।

89 इस प्रकार से, हवा अदन वाटिका में घूमने फिरने के लिये निकली, और सर्प के पास पहुंच गयी। एक बहुत ही सुन्दर सा व्यक्ति और वह... और उसने आरम्भ किया... अब वह दूसरी ओर था, परमेश्वर रहता, निवास करता नम्रता में काम करता है किसी दूसरे प्रकार से कभी नहीं। समझे? अब, वो छोटी नम्र महिला वहाँ घूम रही थी और शैतान एक बुध्दिमान चालाक संवरा हुआ सा एक व्यक्ति। और वह उसे एक योजना बेचना चाहता था। जब तक...

90 कोई मतलब नही, शैतान कितना भी आसपास था; जब तक वह उस वचन के पीछे रुकी रहती वह ठीक थी। [भाई ब्रन्हम अपनी बाइबल थपथपाते है—सम्पा।] समझे? शैतान को जो चाहे करने दो आप बस वचन के साथ बने रहे। जरा सा भी अन्तर ना रखे।

यदि वह कहता है, "क्यों, आप तो बीमार है।"

"उसके कोडे खाने से मैं चंगा हो गया।"

"अच्छा तुम तो मरने जा रहे हो।"

"वह मुझे फिर जिला उठा खडा करेगा। उसने यह प्रतिज्ञा दी है।"

91 देखिये, वचन के पीछे बने रहे। ऐसा ही है। मसीह स्वंय वचन पर वापस गया। "यह लिखा है।" समझे? अब, वचन के पीछे बने रहे।

92 परन्तु, हवा, वह एक प्रकार से सहमत होने लगी, परन्तु वह पूरी रीती से कभी सहमत नही हुयी, उसने केवल एक छोटी बात पर सहमत हुयी। और शैतान यही जो वह उससे करवाना चाहता था। उसने उसे परमेश्वर की प्रतिज्ञा के पीछे से हटा दिया, तर्क के द्वारा।

कभी–भी परमेश्वर के वचन पर तर्क करने का यत्न ना करे। बस इसका विश्वास करे! समझे?

93 इसलिये, उसने वहाँ से कदम बाहर निकाला। और इसके पहले आदम उसे पत्नी होने के लिये लेता, वह पहले ही शैतान के द्वारा दूषित कर दी गयी थी। और वह...

94 और क्या आपने ध्यान दिया? मसीह ने भी ठीक वही चीज की। अब छुटकारे के लिये, परमेश्वर को वहाँ पहले होना था। क्या आपने ध्यान दिया? मरियम, इसके पहले यूसुफ उसके पास आता, पवित्र आत्मा ने उसे ले लिया। आमीन। समझे? यही वहाँ से छुडानेवाला आया।

95 अब, अब ध्यान दे। स्वभाविक स्त्री गिरी और परमेश्वर ने उसे छुडाने के लिये मार्ग निकाला। यद्यपि वह गिर चुकी थी। उसने एक मार्ग बनाया।

96 अब यह पृथ्वी पर पहली दुल्हन थी, जो गिरी इसके पहले उसका पति और वह ब्याहे गये। वह तर्क के कारण—कारण गिरी, बजाये इसके कि वचन के साथ बनी रहती, वह गिर गयी, वह मृत्यु के लिये गिरी, अनन्त अलगाव। अपने साथ, उसने अपने पति को भी लिया और हर चीज जो वहाँ पृथ्वी पर थी। वह गिरी!

97 अब, परन्तु, परमेश्वर, अनुग्रह से भरा, उसने उस स्त्री को छुडाने के लिये मार्ग निकाला। और अब उसने उसे प्रतिज्ञा दी, उसे बताया कि किसी समय भविष्य में सच्चा वचन उसके पास फिर से आयेगा, सत्य का वचन, उस पर प्रकट किया जायेगा। अब उसे स्मरण रखे। क्योंकि उसने मसीह की प्रतिज्ञा दी एक स्त्री से होते हुये।

98 और मसीह वचन है, संत युहन्ना एक, "आदि में वचन था और वचन परमेश्वर के साथ था और वचन परमेश्वर था और वचन देहधारी हो गया," देखा, "और हमारे साथ रहा।" परमेश्वर हमारे साथ देह में रहा। वह वचन था।

99 वचन से पहले, वह एक विचार था और विचार की सृष्टि होनी थी। ठीक है। परमेश्वर का विचार सृष्टि बन गया, जब यह वचन के द्वारा बोला गया। यही जब उसने इसे आपको—को एक विचार के समान दिया, उसका विचार और यह आप पर प्रकट किया गया। तब, यह तब तक विचार है, जब तक कि *आप* इसे बोल नही देते। यही कारण है…

100 मूसा प्रार्थना करने के लिये बाहर गया। वह अग्नी स्तंभ उसके चारो ओर था ओर उसने कहा, "जा, और अपनी लाठी पूर्व की ओर कर, और कहा, 'डांसो' को बुला।"

101 वहां डास नही है। परन्तु वह गया और लाठी को पकडा, और कहा, "डांसे हो जाये।" अभी तक कोई डांस नही थी। वापस चला गया। परन्तु वे वचन परमेश्वर के विचार पहले ही बोल दिये गये, यह एक वचन है। अब इसे तो होना ही है।

102 अब क्या आप नहीं देखते, जहाँ यीशु ने कहा? "यदि तुम इस पहाड से कहो; ना कि यदि मै यह कहूं। परन्तु *तुम* इस पहाड से कहो, 'हट जा।'"

103 और पहली बात, मैं समझता हूं कि मूसा के समय में पुरानी बडी हरी डांस भनभनाने लगी। और थोडी देर के बाद, वे पांच पौड प्रति वर्ग गज थी। समझे? वे कहाँ से आयी होगी? वह… परमेश्वर ने उनको रचा। क्या आप नही देखते कि कैसे…

104 आज रात्रि परमेश्वर इस संसार को नष्ट कर सकता है, डांसो से—से, यदि वह चाहे तो। भाई, वह चांद तक डांसो का ढेर लगा सकता है। केवल एक चीज जिस से कर सके कि बस कहे, "डांसो चांद तक हो जाये।" बस

यही सब कुछ होगा कि इसे कर दे। कोई रसायन या कुछ नहीं, वे बस बढना आरंभ हो जायेगी बढते, बढते। समझे?

105 वह जो चाहे वह कर सकता है, वह परमेश्वर सृष्टि करने वाला है। केवल एक चीज करनी है, बस बोल दे। [भाई ब्रन्हम चुटकी बजाते है—सम्पा।] यह ठीक बात है। वह सृष्टिकर्ता है। अब यदि हम इसे जरा अनुभव करे कि वह कितना महान है! समझे? वह वही करता है जो वह चाहता है।

106 वह वहाँ बैठ कर लोगो को देखता है, और यह थोडे से पढे लिखे, तेज बनते है और, "कोई परमेश्वर नही है," और—और हर चीज। ओह! क्यो यह फिर से वैसा है जैसे वे बाबुल में थे। बल्की, बाबुल।

107 अब हम ध्यान देते है कि परमेश्वर ने हवा से कहा, कि, "बहुत लम्बे समय के बाद, वचन तेरे पास वापस आ रहा है।" अब, वह कैसे गिरी थी? मैं चाहता हूँ कि मेरी कक्षा यह कहे। वह किस चीज से गिरी थी? वहा किस से गिरी थी। [सभा कहती है, "वचन से।"—सम्पा।] वचन। और परमेश्वर ने कहा कि वह इसे छुडाने के लिये मार्ग निकालेगा कि फिर से वचन पर लाये। ठीक है। लम्बे समय के बाद, वचन उस पर प्रकट किया जायेगा। ठीक है। अब वचन एक उद्देश्य के लिये आयेगा। अब इसे कस कर पकडे, मैं क्या कह रहा हूँ। वचन उसके पास एक उद्देश्य के लिये आयेगा, वह उसके छुटकारे के लिये था। ठीक है।

108 परन्तु, जब तक—जब तक, उसके पास एक एवज में होगा जो करेगा। वह तब तक काम करेगा जब तक की मूल वचन के लिये समय नही आये। अब आप स्पष्ट रुप से समझ गये? [सभा "आमीन" कहती है—सम्पा।] समझे? उसने उसे बताया कि वचन उसके पास फिर से आयेगा, परन्तु उस समय तक उसने उसे उसके स्थान पर दिया, जब तक की समय नही आया। इसलिये, उसने बलिदान दिये एक विस्थापन उस लहू के लिये।

109 अब, बैलो भेडो और बकरियो और चीजो का लहू, परन्तु यह उसके पापों को नहीं हटा पाये। समझे? इसने केवल उसके पाप को ढांपा। यह इसे हटा नही पाये, बिल्कुल नही। इसने इसे ढांपा। क्योंकि, यह पशुओं का लहू था और पशु के लहू में पशु का जीवन होता है। यह मूल जब तक नही आता उसके स्थान पर था... अब अपने कोट चढा ले।

110 वास्तविक मनुष्य का लहू, एक मनुष्य के समान होगा (परमेश्वर); अवतरित हो गया, बिना काम इच्छा के, कुवारी, कुवारी से जन्म लेकर

उत्पन्न हुआ। अब परमेश्वर के वचन की प्रतिज्ञा, लहू बन गया और व्यक्ति यीशु मसीह मे अवतरित हो गया वह बचाने वाला। “बैलो और बकरों का लहू और आदि... ”

111 परन्तु अब प्रतिक्षा करे। यहाँ परमेश्वर में प्रतिज्ञा दी, कहते हुये कि वह यहाँ, होगा जब ये आता है, “स्त्री का वंश सर्प के सिर को कुचलेगा।” अब यदि स्त्री का वंश आदम के समान आता या जैसे सर्प से होता हुआ आया और आदि–आदि, वो यह तब भी पापमय बीज या वंश होता।

112 यही कारण था कि यूहन्ना रोया। कोई भी मनुष्य नही था, क्योंकि कोई भी मनुष्य... सारे के सारे पार निकल गये थे, गढ्ढे के दूसरी ओर उस खाई के। परन्तु एक समय आ रहा था, जब कि पशु के लहू जो उसके स्थान में था, हटा दिया जायेगा जब वास्तविक अवतरित का लहू आया; परमेश्वर देहधारी हुआ और लहू, बाइबल ने कहा वह था। पहला तिमुथियुस 3:16, “इसमे सन्देह नही कि भक्ति का भेद गम्भीर है, क्योंकि परमेश्वर जो शरीर में प्रकट हुआ।” यह ठीक बात है। कुंवारी से जन्म ने यह किया।

113 अब भेड और बकरो का लहू ने पाप को ढापा, परन्तु इससे पीछा नही छुटा, क्योंकि यह पशुओ का लहू था। परन्तु यही ठीक होना था, यही बदले में होना था।

114 और निश्चय ही वे इस विस्थापन के अभ्यस्त हो गये—गये थे, और इसलिये वे इसे करते रहे।

115 और जब वास्तविक प्रतिज्ञा का वचन यीशु मसीह मे प्रकट हुआ, जो कि महान सृष्टिकर्ता परमेश्वर का पुत्र प्रमाणित हुआ; और स्वयं समर्थन प्राप्त किया, परमेश्वर के जीवते वचन होने के द्वारा। ओह! उसने सिद्ध किया कि वह था। वह चींजो को बोल कर अस्तित्व में ला सका।

116 वहाँ कोई ऐसा मनुष्य नही था, या—या संसार में ऐसा कोई नही था जो यह कर सके, यहाँ पृथ्वी पर कुछ नही था, जो सृष्टि कर सके सिवाये परमेश्वर के। शैतान सृष्टि नही कर सकता। वह जो सृष्टि किया हुआ है उसे दूषित कर सकता है, परन्तु सृष्टि नही कर सकता। दूषित धार्मिकता पाप है, आप समझे मेरा क्या अर्थ है, झूठ क्या है? यह सत्य को गलत रुप में सामने रखना समझे? व्यभिचार क्या है? वास्तविक सही व्यवहार को दूषित करना, पाप में हर चीज पाप बस सत्य को दूषित करना है। अब वह सृष्टि नहीं कर सका।

117 परन्तु जब मसीह आया, उसने सिद्ध किया कि वह सृष्टिकर्ता है। एक लहू था जिसकी प्रतिज्ञा दी गयी थी। यदि आप इसे पढना चाहते है, आप... आईये कुछ मिनटो के लिये निकाले। जो कुछ भी है हम इस पर समय लेने जा रहे है, आज रात्रि। मैं...

118 यह मुझे अधीर कर देता है। मैं सोचता हूं कि हर कोई घर जाना चाहता है, आप जानते है और इसलिये यह एक... [सभा कहती है "नही।"—सम्पा।] अब, प्रेरित के काम 2 को लेंगे। आपका धन्यवाद। और हम बस देखेंगे...

119 प्रेरित के काम 2, और अब हम देखेगें कि यह सही है या नही कि उसने सिद्ध किया है कि वह परमेश्वर था, ठीक है। प्रेरितो के काम 2 निकाले। अब हम यहाँ 22 वां पद लेंगे। पतरस पेन्टीकोस्ट पर बोल रहा है।

> *हे इस्त्राएलियो, ये बाते सुनो; यीशु नासीर एक मनुष्य था जिसका परमेश्वर की ओर से होने का प्रमाण उन सामर्थ के कामो और चिन्हो से प्रकट है... जो परमेश्वर ने तुम्हारे बीच उसके द्वारा कर दिखाये, जिसे तुम... आप ही जानते हो;*

120 "एक मनुष्य जो प्रमाणित हुआ कि वह परमेश्वर तुम्हारे मध्य में था।" उन कामों के द्वारा जो उसने किये, सिद्ध किया कि वह था। यहाँ पतरस खड़ा हुआ, सन्हेद्रीन को बता रहा है।

121 निकोदीमस इसी बात को जानता था। उसने कहा, "रब्बी, हम सब जानते है कि तू परमेश्वर की ओर से गुरु हो कर आया है, क्योंकि कोई मनुष्य इन कामो को जो तू करता है नही कर सकता, जब तक कि वह परमेश्वर की ओर से ना हो।" समझे? वे यह जानते थे। परन्तु क्यों?

122 अब ध्यान दे, अब हवा से इसकी प्रतिज्ञा की गयी थी परन्तु जब... दुल्हन नीचे आयी और इन्कार कर दिया जब वास्तविक वचन उसके पास आया। इसलिये स्त्री ने पहचानने से इन्कार कर दिया; इब्रानी दुल्हन ने। क्योंकि वह परमेश्वर की दुल्हन थी, उसने उसे तलाक दे कर छोड दिया, क्या यह ठीक बात है? वह परमेश्वर कि दुल्हन थी।

123 आप कहते है, "भाई उनका अब तक विवाह नही हुआ था।" ठीक बात है। परन्तु यूसुफ ने पहले मरियम को छोड दिया... मरियम को छोडने जा रहा था इसके पहले कि उनका विवाह हुआ। समझे? उसकी उससे मंगनी हुयी थी।

124 और जब वह आया, वह वचन जिसकी उसने प्रतिज्ञा दी थी, विवाह के लिये आया। उसने उसे उसके विस्थापन में लिपटा हुआ पाया, इतनी बुरी दशा कि वह वास्तविक प्रतिज्ञा को नही लिया, जो कि गयी थी, वह वचन, मसीह।

125 सम्भव है आप समझ नहीं पाये। अब मैं इसे फिर से लू मैं चाहता हूँ कि आप इसे समझ ले। देखा।

126 उस से प्रतिज्ञा कि गयी थी (दुल्हन, हवा) छुटकारा देनेवाला उसका छुटकारा देनेवाला वचन होगा और जब वचन आया देहधारी हुआ, उसने इसे अस्वीकार कर दिया। उसे एक विस्थापन दिये गये थे। अब इसे रखो वे "विस्थापन," विस्थापन दिये गये कि बढते रहे जब तक कि छुडानेवाला नही आये और जब छुडानेवाला आया, तो वह विस्थापन के साथ टिके रहना चाहती थी और सत्य के वचन को अस्वीकार कर दिया। यह समझे? [सभा "आमीन" कहती है—सम्पा।]

127 और यह इब्रानी दुल्हन थी, ऐसा ही उसने किया, दूसरी हवा दुल्हन के द्वारा सारे आत्मिक जीवतो की मां। समझे? *हवा* का अर्थ "सबकी माता," यह आत्मिक... "सारे जो जीवते है।" *हवा,* "सब की माता जो जीवते है।"

128 अब, और जब वह इब्रानी दुल्हन के पास आया, वह सबकी माँ थी जो जी रहे थे, परन्तु इसने इसको अस्वीकार कर दिया।

129 शारिरीक दुल्हन गिर गयी अदन वाटिका में, परमेश्वर के वचन के विरोध में शैतान का तर्क सुनने के द्वारा। वह इस प्रकार गिरी। ठीक है, श्रीमान। वह गिर गयी, क्योंकि उसने यह किया।

130 आत्मिक दुल्हन अब वह कलीसिया है, मसीह की दुल्हन। वह गिर गयी अदन वाटिका में, नही रोम में, देखिये नीसियन सभा में, जब उसने पेन्तेकोस्टल कलीसिया को अस्वीकार कर दिया, जो नीसिया में गये थे और रोम के तर्क को सुना बजाये कि वचन को पकडे रहती, वह गिर गयी। और हर चीज उससे दूर हो गयी, उसके साथ मर गयी, उसके आसपास। अब, जैसे शारिरीक हवा गिरी, आत्मिक हवा गिरी। परमेश्वर की दुल्हन गिरी—गिरी, वाटिका में गिर गयी; मसीह की दुल्हन रोम में गिर गयी। समझे?

131 ध्यान दे, उसी तर्क के द्वारा परमेश्वर के वचन के विरोध में, उसने अपने सद्गुण के अधिकार को भी शैतान के लिये खो दिया। जो कि हम इन मोहरो

के टूटने में पाते है, ये—ये, शैतान था और अब भी शैतान वहाँ है। बाइबल कहती है यही शैतान का सिंहासन है। और जैसा कि हवा ने अपने सद्गुण के अधिकार को खो दिया और उसे शैतान को दे दिया, अदन वाटिका में; कलीसिया, मसीह की दुल्हन ने वही चीज रोम में की, जब उन्होंने बाइबल को उनके धर्मसिध्दान्त और तर्को के लिये खो दिया। देखिये, यह कैसी प्रतिछाया है? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।]

132 आप बस इन प्रतीको को चलाते है, आप बाहर आने के लिये बाध्य है। यदि मेरा हाथ इस प्रकार दिखाई पडता है... यदि मैने अपने आपको कभी नहीं देखा और मैं अपनी परछाई को आते देखता हूँ, तो मैं इस विषय में जान जाऊगा कि मैं कैसा दिखाई पडता हूँ। समझे? परन्तु यही मार्ग है यदि आप देखना चाहते है कि क्या आ रहा है, देखिये कि यह क्या था। "क्योंकि... पुरानी सारी चीजे आनेवाली चीजो की छाया थी," बाइबल ने कहा। ठीक है।

133 क्योंकि, उसने अपने सद्गुण वाले वचन को खो दिया, परमेश्वर के वचन को, जब उसने बाइबल को बेच दिया और वहाँ एक मनुष्य को रख दिया, जो कहता है कि कलीसिया को अधिकार है कि जो चाहे वह बदल दे। और उन्होंने यह कर दिया। और मसीह की दुल्हन, पेन्टीकोस्टल दुल्हन ने अपना सद्गुण नीसिया में बेच दिया, जैसे कि हवा ने अपना सद्गुण अदन की वाटिका में शैतान को बेच दिया। बिल्कुल ठीक। ठीक है।

134 परमेश्वर ने प्रतिज्ञा दी है; यह कलीसिया, यह पेन्टीकोस्तल कलीसिया जान रही थी कि वह यह करेगी; जैसे, उसने हवा के साथ किया, परमेश्वर ने प्रतिज्ञा दी है।

135 पेन्टीकोस्टल कलीसिया, क्या आप विश्वास करते है कि इसने अपना जन्म सिद्ध अधिकार बेच दिया, इसके पहले... अपना सद्गुण, जब उसने वहाँ छोडा? आप विश्वास करते है? [सभा "आमीन" कहती है—सम्पा।] उसने निश्चय ही उसने किया। तो फिर मतसार क्या अच्छा है, जो कि बाइबल पर आधारित नही है? मैं चाहता हूँ कि कोई ढूंढे, जो कि प्रेरितो का मतसार कहलाता है या इसका एक भी शब्द बाइबल में। यह कैथोलिक मतसार है ना कि प्रेरितो का मतसार।

136 प्रेरित 2:38 पढिये, यह प्रेरितो का मतसार है, यदि इसमें कोई है। जी हाँ। समझे? यही जो वे हर समय प्रयोग में लाये, जो भी है। इसलिये यदि आप... समझे?

137 इसलिये, उन्होंने अपना जन्म सिद्ध अधिकार बेच दिया। केवल ये ही नहीं, मैथोडिस्ट, बैपटिस्ट, प्रेसबिटेरियन, पेन्टीकोस्टल, बाकी ने वही किया। उसने एक नामधारी बना लिया। रोम किस चीज ने उससे यह करवाया, उसने नामधारी तैयार किया और मनुष्य को उसका अध्यक्ष बनाया। और मैथोडिस्ट, बैपटिस्ट, पेन्तेकोस्टलो सब ने वही काम किया, मनुष्य के झुण्ड को उनके ऊपर रख दिया। कोई मतलब नहीं परमेश्वर क्या कहता है, वे... आपको वैसा ही करना है, जैसा वे करने को कहते है।

138 अच्छा, यह क्या है? संसार में यह और कुछ नहीं सिवाये आत्मिक व्यभिचार के, गलत प्रकार की स्त्री; जी हां श्रीमान। मतसार, झूठे मतसार मनुष्य द्वारा बनाये गये। तब वह हो गयी, जब उसने यह किया... अब मैं इसे सिद्ध करुंगा कि परमेश्वर के लिये वह व्यभिचारणी हो गयी। क्या आप विश्वास करते है कि बाइबल यह कहती है? जी हाँ, श्रीमान। उसकी पुत्रीयों ने भी यहीं किया।

139 अब प्रकाशितवाक्य 17 में, यदि आप इस पर निशान लगाना चाहते है। यूहन्ना आत्मा मे उठा लिया गया, "और एक बडी वैश्या को ऊपर बैठे देखा... " और हमने इसे बीती रात्रि पढा था। और वहाँ पर सात पहाड है, और ठीक जो इसने किया था। और इसने संसार को अपनी गंदगी वाला व्यभिचार दिया था। क्या यह ठीक बात है? "और पृथ्वी के सारे राजाओं ने उसके साथ व्यभिचार किया," धोखा और चोरी और झूठ और प्रायश्चित के लिये भुगतान, और—और नौविनो और बहुत सारी चींजे।

140 अच्छा, अब याद रखे उसके पास पुत्रियां है। अच्छा, यदि वह संस्था तंत्र की अधीनता में एक देह हो गयी, तो फिर सारा तंत्र गलत है। और यदि हवा परमेश्वर का आज्ञापालन नहीं कर रही है, हर चीज को मृत्यु में डाल रही है, जो उसके अधीनता में है; और हर कलीसिया जो संस्थागत हो गयी तो उसकी अधीनता में हर चीज मृत्यु में चली गयी, सही में। हर चीज चली गयी है यह बिल्कुल ठीक यहाँ वचन के अनुसार है। प्रकाशितवाक्य 17 पढे। और बाइबल ने कहा, "वह करेगा उसे आग से जलायेगा, और

उसके सारे बच्चों को उसके साथ।" यह ठीक बात है। इसका अर्थ है सारे संस्थागत तंत्र जलाये जायेगे, उस व्यभिचारणी के साथ।

141 अब, यह बात सीधी साफ है, और मैं—मैं जानता हूँ आप इससे सुनेगे और मैं—मैं इससे सुनाना चाहता हूँ, और मैं—मैं... यह ठीक बात है, यद्यपि, बाइबल ने यह कहा है, इसलिये यह ठीक बात है।

142 वह एक "व्यभिचारनी" हो गयी। आप इसे प्रकाशितवाक्य में पढ सकते है 17 वां अध्याय। स्त्री, उसने क्या किया? उसने व्यभिचार किया अपने ही पति के विरुध्द। "ठीक है," आप कहते है, "नहीं, यह तो बाइबल है।" वचन परमेश्वर है। और आप एक बात को लेते है...

143 क्या आप चाहेगे कि आपकी पत्नी किसी और पुरुष को चूमे? यदि उसने इस से अधिक नही किया तो उसको नही चाहेगे कि यह करे। वह अपनी अपवित्रताई को सिद्ध करेगी।

144 "जो कोई भी इसमे से एक भी शब्द निकालेगा, या इसमें मिलायेगा।" हल्लिलुयाह! मसीह अपनी पत्नी को वचन के साथ शुध्द चाहता है। [भाई ब्रन्हम पुलपिट पर चार बार टक करते हैं।—सम्पा।] इसको इसी प्रकार होना चाहिये।

145 क्योंकि, कुछ नहीं, एक भी बिन्दू नहीं या एक छोटा या कोई भी चीज या शीर्षक उस व्यवस्था से टलेगा या इस पुस्तक जब तक कि यह पूरा ना हो। यीशु ने कहा, "स्वर्ग और पृथ्वी दोनो टल जायेगे, परन्तु मेरा वचन कभी नही टलेगा।"

146 इसका कोई निजी अनुवाद ना करे। वह शुध्द बिना मिलावट का चाहता है यहाँ तक की कोई उपहास भी नही। मैं नही चाहुंगा कि मेरी पत्नी किसी दूसरे पुरुष के साथ चुहलबाजी करे। और जब आप किसी प्रकार तर्क को सुनते जाते है इसको आगे जो आप सुन रहे है, तो आप शैतान के साथ चोचलेबाजी कर रहे हैं। आमीन! क्या आपको इससे धार्मिक अनुभूति नही होती? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] परमेश्वर चाहता है कि आप शुध्द बने रहें। ठीक वचन के साथ बने रहे। इसी के साथ टिके रहे। ठीक है।

147 परमेश्वर ने इससे प्रतिज्ञा की है, जैसा कि उसने अदन वाटिका में हवा के साथ की थी। इस अन्तिम हवा के साथ की जो कि पेन्टीकोस्टल कलीसिया है, कलीसिया का आरम्भ, स्वयं कलीसिया, सारे जीवते लोगों

की माँ, क्योंकि जब तक वे वहाँ उसमें जाते है। परन्तु आप देखिये, जब वे उसके पापों में भागी होते है, वे उसके साथ मरते है।

148 और यहाँ वह छोटा व्यक्ति आता है। वह कहता है, "मैं—मैं परमेश्वर की सेवा करना चाहता हूँ।"

149 वे कहते है, "ठीक है, यहाँ जो आपको करना है, वहाँ जाकर प्रायश्चित करो।"

"ठीक है, मैं यह करूंगा। परमेश्वर की महिमा हो!" वहाँ जाओ और प्रायश्चित करो।

150 "अब आकर हमारे साथ मिल जाओ।" आप यहीं है, यही है। समझे? इसने ले लिया। ओह! यह ठीक बात है, ठीक उसी के साथ मर गये। समझे? समझे? यह बस... यही जो यह पुस्तक सिखा रही है ना कि जो मैं कह रहा हूँ। क्योंकि यहाँ यह ऐसा कहती है। ठीक है।

151 अब, परमेश्वर ने उसे प्रतिज्ञा दी है, जैसा उसने हवा को दी। उसने हवा को बताया कि एक समय आयेगा कि वो—वो वचन उसके पास फिर वापस आयेगा। अब, क्या आपको याद है? वह किसी चीज से खो गयी थी यह उसे वापस हो जायेगी। केवल एक ही चीज वापस की जा सकती है, और वह वचन है। बिल्कुल ठीक।

152 मैने कहा, बन्दूक चलाओ; यदि आप निशाने पर नहीं मारते, तो देखिये यह कहाँ से अलग गया। आपको फिर वापस आकर और फिर आरम्भ करना है। समझे?

153 और यदि आप वापस जाते है, तो नीसिया पहुँच जाते है। वही से फिर आपको आरम्भ करना होगा। उन संस्थाओं से वापस आना ही है, उन कलीसियाओ से दूर रहो। हम इन मोहरो को सिद्धता में देख रहे है।

154 मुझे अपने सारे जीवन में आश्चर्य हुआ, कि मैं क्यों इन संस्थाओं के तंत्र के विरोध में रहा। लोगों के नहीं, नहीं। लोग तो आप और मेरे जैसे है या कोई भी। परन्तु वह तंत्र, वह नामधारी तंत्र अब मैं ठीक इसे यहाँ देखता हूँ, मैं अब तक कभी नही जाना पाया। और यह ठीक बात है।

155 परमेश्वर ने आत्मिक हवा से प्रतिज्ञा की, ठीक वैसे ही जैसे स्वाभाविक हवा से की फिर से वचन उसे वापस मिलेगा। अन्त के दिनों में वह कलीसिया को फेर देगा, फिर से मूल वचन पर।

156 अब ध्यान से सुने। मैं—मैं चाहता हूँ कि अब आप निश्चित हो जाये, परमेश्वर ने हवा से प्रतिज्ञा की कि समय आयेगा जब वचन उसके वंश को वापस फेर दिया जायेगा। यह वचन, स्वयं में बीज हो जायेगा। और जब उन्होंने उसे एक उसके स्थान पर दिया उसके पास वह विस्थापन दिया। और जब वचन उसके पास आया, तो वह क्या करेगी? "मैं यह नही चाहती।" यह बहुत ही नम्र था। उसे यह ठीक प्रतीत नही हुआ वह अधिक शानदार नही था। "एक चरनी? ओह प्रभु! ओह! इस प्रकार का व्यक्ति जो कभी विद्यालय नही गया? भाई, मैं इसे स्वीकार नही कर सकता। यह मसीहा नहीं है। एक व्यक्ति उसे इस प्रकार से लात मार रहा है और फिर वह 'मसीह' कहला रहा है? उन्हें उसके मुंह पर कपडा ढापने दे, फिर उसके सिर पर मारे? और अपने आपको भविष्यद्वक्ता कहलाया, एक वास्तविक भविष्यद्वक्ता उठ खडा हुआ है? "

157 वास्तव में, उन्होंने भविष्यद्वक्ताओ को नहीं पहचाना। यीशु ने ऐसा कहा। उसने कहा, "यदि तुम भविष्यद्वक्ताओ को जानते, तो तुम मुझे भी जानते।" यह ठीक बात है।

158 अब ध्यान दे। परन्तु जब वचन उसके पास आया, जिस प्रकार ठीक वैसे ही जैसे परमेश्वर ने कहा, वह आयेगा, उसने उसे दूसरे ढंग से समझा। मैं दुल्हन के विषय में बात कर रहा हूँ, यहूदी दुल्हन, इब्रानी दुल्हन। वह आरम्भ से ही हवा थी। तब जब यहाँ बाहर आयी, उसने इसे नही चाहा। वह अपने विस्थापनो के साथ ही रहना चाहती थी।

159 अब परमेश्वर ने आत्मिक हवा से प्रतिज्ञा की पेन्टीकोस्टल पर, यहाँ तक की इसके होने से पहले बता दिया, चार सौ वर्षो पहले इसके पहले कि कलीसिया कभी गिरी, कि वे गिर जायेगे और वे वही करेगे जो उन्होंने किया। परन्तु उसने अन्तिम दिनों के लिये प्रतिज्ञा दी, कि वह वचन को फिर से भेजेगा।

160 यीशु ने वही बात कही जब वह इस पृथ्वी पर था; वह इसे फिर से भेजेगा। और क्या... और यह क्या पायेगा? यह वही चीज पायेगा, जो इसने तब पायी जब वह पहले आया। ठीक है। उनके पास है... वे, वे अपना विस्थापन चाहते है। वे अपना नामधारी चाहते है। वे अपने मतसार चाहते है। वे वैसा ही जीना चाहते है जैसा वे चाहते है। और वे चाहते है, "भाई, मैं *अमूक–अमूक* हूँ। मैं *अमूक–अमूक* से सम्बन्ध रखता हूँ।" इससे कोई

अन्तर नही पडता परमेश्वर क्या कर रहा है, वह अपने आप को कितना प्रकट करता है; वह मरे हुओ को जिला सकता है; वह हृदय से गुप्त विचारो को बता सकता है; वह हर चीज कर सकता है जो बाइबल कहती है, वह करेगा। इसमें जरा भी अन्तर नहीं है। "यदि वह मेरी संस्था से नही है, तो इससे कोई मतलब नहीं।" समझे?

161 यही चीज इब्रानी दुल्हन ने की, यह ठीक बात है, देखिये, उन्होंने अपने विस्थापन की सुनी। और परमेश्वर ने उन से वास्तविक की प्रतिज्ञा की थी, और जब वास्तविक आया, उन्होंने इसे नही चाहा। यह बहुत ही नम्र था।

162 अब आज यही चीज है, जब–जब यह दृश्य में उठता है, परमेश्वर ने मलाकी–4 में कहा कि यह अन्त के दिनों में सन्देश भेजेगा जो वापस लौटा कर लायेगा। योएल ने कहा, "मै सारे वर्षो को लौटा दूंगा।" हर चीज जो रोम खा गया और हर चीज जो मेथोडिस्ट खा गया और हर चीज जो बैपटिस्ट खा गया उस मूल पेन्टीकोस्टल डाली में से, परमेश्वर ने कहा, "मैं अन्त के दिन में लौटा दूंगा।" यह ठीक बात है।

163 और वह हमारे पास ऐसे व्यक्ति को भेज सकता है जो कि होगा... और केवल एक चीज जो परमेश्वर कभी अपना वचन भेजता है, वह एक भविष्यद्वक्ता है ना कि सुधारको को; केवल भविष्यद्वक्ताओं को। यह इस बात के लिये घडी नही थी। अब यह उस घडी पर आ रहा है, और यही कारण है हम उसके आने कि राह देख रहे है कि आये। यह इतना नम्र और सज्ञन होगा! और इस प्रकार... ओह, प्रभु!

164 तुम मेथोडिस्ट, बैपटिस्ट और प्रेसपिटेरियन, पेन्टीकोस्टलो तुम कुलीन तंत्रियो सोचते हो, इसे कभी स्वीकार करोगे?

"ओह," आप कहते है, "पेन्टीकोस्टल?"

165 पेन्टीकोस्टल लौदिकियन है। "धनी और कोई कमी नही।"

166 इसने कहा, "तू नही जानता कि तू निर्धन है।" हो सकता है, करोडो डॉलर की इमारत बना रहा है, परन्तु तू फिर भी कंगाल है, आत्मिक कंगाल।

"ओह," आप कहते है, "मैं यह सब देखता हूँ।"

"तू अंधा है!"

"अच्छा," आप कहते है, "धन्य है, परमेश्वर मैं ढका हुआ हूँ।"

"नंगा है!"

"भाई, मैं अपने लडको के लिये निश्चित हूँ। हमारे पास सेमनरिया है। हम... "

167 "और यह नही जानते।" अब यह इसके विपरीत है। अब यदि बाइबल ने कहा कि लौदिकिया कलीसिया इस स्थिति में होगी...

168 इस पृथ्वी पर कोई व्यक्ति इसका इन्कार नही कर सकेगा कि यह अन्तिम युग नही है, क्योंकि लौदेकियन कलीसियायी युग या सातवां कलीसिया काल। और, हम यहाँ है, दूसरे दो हजार वर्ष इसे समाप्त कर रहे है। अब और कलीसिया काल नही है। यही कारण है, आप अन्तिम वर्षा के भाई लोगो, और दूसरी संस्था आरम्भ नहीं कर सके, कि अब कोई और नहीं होना है। यह ठीक बात है। यह अन्त में है। आमीन। और कलीसिया काल नही हो सकते। यह पूरे हो गये है।

169 परन्तु तब यदि पेन्टीकोस्टल संन्देश अन्तिम संन्देश था... जो कि न्यायोचित, पवित्रीकरण, पवित्र आत्मा का बपतिस्मा, अन्तिम तीन सन्देश, अन्तिम तीन कलीसिया युग, पूरे जन्म की प्रक्रिया को बनाते है।

170 जैसे कि जब एक स्त्री अपने बालक को जन्म देने पर होती है; वास्तव में पहली चीज जो होती है जल, अगली चीज लहू है, अगली चीज जीवन है।

171 जब उन्होंने यीशु को क्रूस पर मारा, वह चीज जो उसकी देह से आयी, कि उस नये को बनाये... कि उस जन्म को करे। उन्होंने उसकी एक ओर प्रहार किया, लहू और पानी बाहर आया, और, "तेरे हाथो में मैं अपना आत्मा देता हूँ।" उसकी देह से क्या निकल कर आया था जल, लहू, आत्मा।

172 अब पहला यूहन्ना 5:7 आपको इस विषय में बताता है, "वहाँ तीन है, जो स्वर्ग में गवाही देते है, पिता, वचन (जो कि मसीह है) और पवित्र आत्मा है।" और वे तीनों एक में सहमत है; वे एक नही है, परन्तु वे एक में सहमत है। और तीन है जो गवाही रखते है... या "वे एक है," मेरा अर्थ है, मैने वहाँ गलती कर दी। "और तीन जो पृथ्वी पर गवाही रखते है, वह जल, लहू और आत्मा, और ये एक में सहमत है।"

173 आप बिना न्यायोचित हुये पवित्र हो सकते और बिना पवित्र हुये न्यायोचित हो सकते है। आप बिना पवित्र आत्मा पाये आप पवित्र हो सकते थे। यह बिल्कुल सही है।

174 चेले यूहन्ना 17:17 में पवित्र किये गये थे, और प्रेत आत्माओ को निकलने की सामर्थ दी गयी थी, परन्तु अब भी पवित्र आत्मा नही था। समझे? निश्चय ही। पेन्टीकोस्टल तक पहुँचना था, और पवित्र आत्मा आने तक प्रतीक्षा करनी थी।

175 वही जहाँ यहूदा ने अपने रंग दिखा दिये थे। देखिये, कैसे वह आत्मा न्यायोचित और पवित्रीकरण में से होते हुये काम करती है? परन्तु जब वह अपने अन्त में आते है, तो उसने अपने रंग दिखा दिये। देखा? यह ठीक बात है।

176 अब ध्यान दे, और यहाँ अब हम अन्त समय में है। और आत्मिक हवा, जैसे कि... इब्रानी हवा से प्रतिज्ञा की गयी थी, इब्रानी दुल्हन से वचन वापस करने की प्रतिज्ञा की गयी थी। और आत्मिक दुल्हन पेन्टीकोस्टल से, जब वह नीसिया में गिर गयी, तब उससे अन्त के दिनों में प्रतिज्ञा दी गयी कि वचन फिर से वापस आयेगा। अब आप कहते है, तब...

177 आप दूसरा पवित्र लेख चाहते है, यहाँ प्रकाशितवाक्य 10 ले लीजिये और कहा, "उस घडी में, अन्तिम दूत के समय मे, सातवे दूत के (सातवां सन्देशवाहक) जब शब्द देने पर होगा तो परमेश्वर के भेद समाप्त हो जायेगे।" समझे? वापस वचन पर आना! बाइबल ने कहा कि अन्त दिनो का यह सन्देशवाहक होगा, "उन्हे फिर से मूल विश्वास पर वापस लायेगा, वापस पूर्वजो के विश्वास पर।" परन्तु क्या आप सोचते है वे इसे स्वीकार करते है? नही श्रीमान। "अन्तिम दिनों में वह फिर से मूल वचन को वापस लायेगा," जैसा कि उसने मलाकी 4 में कहा है।

178 परन्तु उसने खो दिया था। अब उसने यह वचन निसिया में खो दिया था, हवा ने अदन में खोया; हवा ने अपना यहाँ कलवरी पर अस्वीकार कर दिया। और नीसियाओ का झुण्ड, इसे इन अन्तिम दिनों में अस्वीकार कर रहा है, बिल्कुल वैसे ही। ओह!

179 परन्तु जब वचन मानव देह में आया, उस, हवा ने इब्रानी कलीसिया ने सारे आत्मिक जीवतो की माता, इसने तब इसे अस्वीकार कर दिया। वह अपने रिवाजो और धर्मसिध्दातों में इतनी मरी हुयी थी, कि चूक गयी। इस प्रकार से यह वाला बिल्कुल ठीक। ठीक है।

180 वे उसे चूक गये, जीवित वचन देह में प्रकट हुआ, वचन के द्वारा जिसकी प्रतिज्ञा की गयी थी। वचन ने इन चीजो के करने की प्रतीज्ञा की थी, जो

प्रतिज्ञा की गयी थी, कि अन्तिम दिनों में यह इस प्रकार से होगा। “जैसा कि यह सादोम के दिनो में था, ऐसा ही मनुष्य के पुत्र के आने के दिनों में होगा।” अब देखिये क्या घटित हुआ सादोम में। “जैसा कि यह नूह के दिनो में था, ऐसा यह मनुष्य के पुत्र के आने के दिनों में होगा।” समझे? ध्यान दे तब क्या हुआ। समझे? अब उसने कहा यह वही चीज होगी और हम उस दिन में रह रहे है। अच्छा, और यह हो सकता है, मैं समझता हूँ, इस प्रकार के मैं उन में से छ: सौ प्रतिज्ञाये ले सकता हूँ, इस पवित्र वचन में से, बस इसका उल्लेख कर रहा हूँ। समझे? अब, परन्तु, वे इसे अस्वीकार करते है।

181 उसने रीति रिवाज और विस्थापन पकड रखे है, बजाये इसके उसने लहू का विस्थापन को पकड़ रखा था, बजाये वास्तविक लहू के, यीशु वचन ने कहा, जब यह उस पर प्रकट किया गया, “क्योंकि उसने इन रीति रिवाजो को पकड रखा है... ” यीशु, जो प्रकट हुआ वचन ने दुल्हन से कहा, इब्रानी दुल्हन से, “क्योंकि तू ने अपनी रीतियों को पकड रखा है, तू परमेश्वर के वचन को अपने लिये प्रभाव रहित बना रही है। यह प्रभावित नही हो सकता।”

182 अब आज यही कारण है कि वे बेदारिया जो हमारे यहाँ होनी चाहिये, हमारे पास नामधारी बेदारीयाँ है। हमारे पास एक वास्तविक भावोत्तेजक नही था। नही, नही, नही, नही श्रीमान। मत सोचिये हमारे पास बेदारियाँ है। हमारे पास नहीं है। ओह, उनके पास लाखो और लाखो और लाखो कलीसिया के सदस्य है, परन्तु बेदारी कही नही है। नहीं, नहीं।

183 वो—वो दुल्हन के पास अभी भी बेदारी नही हैं। समझे? वहाँ अब बेदारी नही हो रही है, परमेश्वर का कोई प्रकटीकरण नही हैं कि अब भी दुल्हन को झकझोर दे। समझे? अब हम इसकी प्रतीक्षा कर रहे है, यह वहाँ पीछे उन सात अनजाने गर्जनो से होगा कि उसे फिर से जगा दे, देखा। जी हाँ, वह इसे भेजेगा। उसने इसकी प्रतिज्ञा की है। अब ध्यान दे।

184 अब वह थी—वह मरी हुयी थी। और अब यदि कलीसियाये अपने मतसारो को भूल जाये और अपने मतसिध्दान्तो को और बस बाइबल ले ले और प्रतिज्ञाओ का निवेदन करे तो यह उनके लिये प्रभावशाली होगा। परन्तु देखिये, यीशु ने कहा, “तुम अपने रीति रिवाजो से परमेश्वर के वचन को अपने लिये प्रभावरहित कर लेते हो।” आज आत्मिक हवा, के साथ

ठीक यही बात है, आज की कहलाने वाली आत्मिक दुल्हन, कलीसिया। वह परमेश्वर के वचन को लेती है और वह इसे स्वीकार नही करेगी उसके बदले में मतसिद्धान्त को लेती है। इसलिये वचन उसके लिये प्रभावशाली नही है, देखिये, क्योंकि वह वचन के साथ अपने मतसार को घुसा देती है और यह काम नहीं करेगा। अब आज हमें किस चीज की आवश्यकता हैं...

185 *हेरल्ड ऑफ हिस कमिंग* के मुख्य शीर्षको मे से होते हुये इसे पढता रहा, "हमें भविष्यद्वक्ता की आवश्यकता है कि लौट कर आये! हमे आवश्यकता है कि एक भविष्यद्वक्ता वापस आये!" और मै समझता हूं जब वह वापस आता है, तो वे इसके विषय में कुछ नहीं जानेगे। बस... यह ठीक बात है। ये सदा इसी प्रकार रहा है, आप देखते है। "हमे इसकी आवश्यकता है," हर चीज जिस विषय में आप बात करते है, "हमें आवश्यकता है कि एक भविष्यद्वक्ता लौट कर आये, जो प्रभु का वचन ले कर आयेगा निर्भय हो कर। हम विश्वास करते है कि बाइबल ने इसकी प्रतिज्ञा की है।"

186 अब, मैं भाई—भाई मूर को जानता हूँ और वे उसके घर में खाते है, और सारी बातें, संम्पादक। और वह बहुत ही अच्छा व्यक्ति है जो—जो कि नम्रता में चलता है। मैं समझता हूँ एक बहुत ही अच्छा व्यक्ति। परन्तु देखिये, वह जानता है कि वह हमारे पास होना चाहिये। और बहन मूर महिलाओ में एक बहुत ही बढिया छोटी... एक बेचारी स्त्री और उन्होंने बलिदान दिया।

187 और यह क्षेत्र का एक बहुत ही अच्छा अखबार है, *हेरल्ड ऑफ हिस कमिंग* मेरे विचार में। परन्तु आप पाते है, वे चिल्लाते रहते है, "हमें एक भविष्यद्वक्ता चाहिये! हमे एक भविष्यद्वक्ता चाहिये!" देखिये? ओह! वे इस विषय में बात करते है।

188 और फिर आज हम यहाँ पर है, और जैसे बीते कल और आज रेडिओ पर घोषणा हो रही है कि... और बेपटिस्ट... कलीसियाये, और आदि, "हम कैथोलिको को नहीं लेगे, परन्तु हमारी उनके साथ संगति है।" समझे?

189 और ठीक यहाँ, सन्देश ठीक यहाँ पर है, कि, "जहरीली चीजो से दूर रहे!" समझे? समझे? "दो जने कैसे साथ चल सकते है। जब तक कि वे सहमत ना हो?" उजियाला और अंधकार एक साथ संगति नही कर सकते। जब उजियाला आता है, तो अंधकार चला जाता है। समझे? यह नही हो सकता... यह बहुत ही सामर्थी है! उजियाले को आप अंधेरे

के साथ बाहर नहीं निकाल सकते, परन्तु आप अंधकार को उजियाले से बाहर कर सकते है। यह ठीक बात है। और वह उजियाला है, और वह वचन है। समझे? अब आप वहाँ है, ठीक सीधे पीछे। आप इसे झुठला नही सकते या कुछ गलत करे। मैं सीधा उसी स्थान पर वापस आता हूँ। जी हाँ, श्रीमान।

190 जैसे कि कुछ लोगो ने शुरु किया आपके साथ भतंगड बनाने की कोशिश की; यदि आप जानते है कि आपको कहाँ खडा होना, तो जानिये कि वह क्या विश्वास करता है।

191 यह ऐसा है कि एक खरगोश को ले कर एक खुले हुये बाडे में छोड दे, और आप सारे छेद बन्द कर दे। और बस दरवाजे पर खडे हो जाये, उसे वापस आना पडेगा, इसके लिये बस यही है। समझे? उसे वापस फिर उसी दरवाजे पर आना पडेगा क्योंकि वही केवल रास्ता है, जिससे वह बाहर जा सकता है और वह *उसमें* अपना सिर फंसा लेगा और लगभग अपनी गर्दन को तोड लेगा; और *इधर* जायेगा, *उधर* जायेगा। बस खडे होकर उसे ध्यान से देखे, और फिर वापस आयेगा। समझे? बस यही है।

192 इसे करने का केवल यही तरीका है। वचन के साथ बने रहें, आप सारे मतसार के साथ चारो ओर फट सकते है, हर जगह अपनी गर्दन तोडेंगे, परन्तु आपको वचन पर वापस आना पडेगा। समझे? जी हाँ, श्रीमान। इसका सब यही है।

193 अब, देखिये, वे—वे—वे—वे इसे नही चाहते, वे परमेश्वर का वचन नही चाहते। क्योंकि उसने अपने रीति रिवाजो को पकडा हुआ है, वह परमेश्वर के वचन प्रभावरहित कर रही है।

194 अब बिल्कुल वैसा ही आत्मिक हवा के साथ है। वह नही चाहती… वह अपने रीति रिवाजो को बनाये रखना चाहती है और परमेश्वर के वचन से दूर रहना चाहती है। वह फिर से नामधारीयों को पकड लेती है, और उनके मतसारो को और अपने पूर्वजो के रीती रिवाजो को बजाये इसके कि परमेश्वर के वचन को ले।

195 जब अन्त के दिनो की प्रतिज्ञा का वचन उसके पास लाया गया तो वह इसे स्वीकार नहीं करेगी, क्योंकि जैसा इब्रानी दुल्हन ने अपने रीती रिवाजो के साथ किया। वास्तविक वचन को, जबकी प्रकट किया गया, प्रमाणित कर दिया गया, समर्थन दिया गया, वह इसे नही लेगी। वह क्यो नही स्वीकार

करेगी? क्योंकि वहाँ उसकी प्रतिछाया है, वह नही कर सकती। यह ठीक बात है। वह अपनी प्रतिछाया को तोड नहीं सकती। समझे? और यह भविष्यवाणी की गयी कि वह यह करेगी, तो फिर आप किसी चीज से कैसे अलग हो सकते है?

196 अब करने के लिये केवल एक चीज है आप जहाँ है, उसी में आनन्दित रहे। वरन उसके लिये प्रतीक्षा करते रहे। ठीक है।

197 परमेश्वर ने अन्त के दिनो में प्रतिज्ञा दी है कि वह उसके लिये अपने वचन को प्रकट और उसका समर्थन करेगा और फिर भी वह यह नहीं करेगी। वह सब जो परमेश्वर ने उसके लिये, प्रतिज्ञा दी है, अपने दासो और भविष्यद्वक्ताओ के द्वारा। परमेश्वर ने यीशु मसीह के द्वारा प्रतिज्ञाये की है, परमेश्वर ने योएल के द्वारा प्रतिज्ञा दी है, पौलूस के द्वारा। परमेश्वर ने प्रतिज्ञा दी है, मलाकी के द्वारा। यूहन्ना... परमेश्वर ने यूहन्ना प्रकाशन वाले के द्वारा, वे सारे भविष्यद्वक्ता, ठीक वही अन्तिम सन्देश, उसके लिये होगा। अब, यदि आप उन्हे लिखना चाहते है, निसन्देह आप उन सब को जानते है: यीशु, यूहन्ना 14:12; और योएल, योएल 2:38; पौलूस, दूसरा तिमोथियुस 3; मलाकी का चौथा अध्याय; और यूहन्ना प्रकाशन वाला, प्रकाशितवाक्य 10, सत्रह, एक से सत्रह। देखिये, अब ठीक क्या घटित होने वाला है अब! और कलीसिया को, यह क्या है? अवतरित वचन अपने लोगो के बीच फिर से देहधारी हुआ! समझे? और बस उन्होंने इसका विश्वास नही किया।

198 आप जानते है कि यीशु ने क्या कहा जब उसने देखा कि वह... जब उसने उनके सामने वे आश्चर्यकर्म किये, और प्रमाणित किया कि वह परमेश्वर था? प्रमाणित किया कि वह क्या कर रहा था। वह था। उसने ठीक वही किया था। उसने उन से कहा, उसने कहा, "ओह, तू, कफरनाऊ तू जो स्वर्ग तक उठाया गया, यदि वे काम जो किये गये... सामर्थी कार्य, सादोम में किये जाते जो तुम में किये गये, तो वह आज तक खडा होता।" यह ठीक बात है। और कफरनाहूम में उसने कभी कुछ नहीं किया, सिवाये कुछ लोगो को चंगा किया, और उनके हृदयों के गुप्त विचारो को बताया और चला गया। ओह, बस यही। समझे?

199 सामर्थी काम क्या होते है, वे नहीं जानते। वे सोचते है यह कोई बहुत बडा कार्यकर्म है, जहाँ हर कोई उठ खडा होता है, और न्यायी

एक भाषण देता है, और संगीत बजता है और रंग उडते है और—और अच्छे कपडे पहने स्त्रियां, और उनके... और ठहरे रहते है और सारे पी.एच डी, एल.एल.डी वाले और बडी ऊंची टोपियां और गोल वाले कॉलर, और सारी चीजे और उन सब को अन्दर आना पडता है। “यह कोई महान चीज है।”

परमेश्वर कहता है, “यह मूर्खता है।”

200 और वह कुछ छोटा सा लाता है जो कि यह नही जानता कि क, ख, ग में क्या अन्तर है, मुश्किल से, और कुछ करता है, जो कि वास्तविक कलीसिया को प्रज्वलित कर देता है। और बाकी लोग कहते है, “पवित्र शोर करनेवालो का एक झुण्ड।” परमेश्वर *इसे* “महान,” कहता है और संसार इसे “मूर्खता” कहता है। संसार *उसे* “महान” कहता है और परमेश्वर उसे “मूर्ख” कहता है। देखिये, बस उल्टा है। समझे? और वह चीज जिसकी परमेश्वर ने प्रतिज्ञा दी है, परमेश्वर करेगा और कर चुका। समझे? हम यहाँ इसी दशा में है।

201 अब भी वह वैसी ही है जैसा उसने किया, वह इब्रानी हवा। वह बस इसे नहीं करेगी। अब मरे हुओं को जिला सकते है; आप परमेश्वर के आत्मा को देख सकते है। यीशु नीचे आया और परमेश्वर का पुत्र हूँ, प्रकट किया, पहले उसने प्रचार आरम्भ किया। ठीक, उन्होंने सोचा, “भाई, एक प्रकार का विचित्र व्यक्ति, जो भी है। है कौन?” अच्छा पहली बात आप जानते है, लोग कहने लगे...

202 निसन्देह, उन्होंने पहले भी कहा; जब उसका अग्रदूत आता है, यूहन्ना, उन्होंने कहा, “क्या तू मसीहा है?”

203 उसने कहा, “नही, परन्तु वह कही तुम्हारे बीच में खडा है।” ओह! समझे? वह जान गया जब उसका सन्देश होता है तो उसे क्या करना था। वह जानता था, कि वह क्या करने जा रहा था।

204 जैसे कि नूह, हनोक पर दृष्टि रखे हुये था। जब हनोक चला गया, नूह ने कहा, “अच्छा है कि नाव के आस पास आ जाऊं, समय निकट है।” नूह हनोक पर ध्यान रख रहा था। समझे?

205 और यूहन्ना ने चिन्ह पर ध्यान दिया जो यीशु ने उस बताया या परमेश्वर ने उसे ध्यान देते को बताया। उसने कहा, “वह अब ठीक यहाँ पर खडा है, कही तुम्हारे बीच में, मैं उसे नही जानता, परन्तु मैं उसे जान जाऊंगा।”

206 वहाँ खडे हुये उन्होंने कहा, “क्या तू मसीह नही है? ” कहा, “हम मुख्य कार्यलयों से भेजे गये है।” ओह, कहा, “वह प्राचीन और सारे उन्होंने हमें नीचे भेजा है, यदि तू मसीह है, तो क्यू नही तू ऊपर आकर अपने को दूसरो पर प्रकट करता, ना कि यहाँ नीचे इन चीजो के झुण्ड में! तू वहाँ आ और अपने आपको प्रकट कर।”

207 उसने कहा, “मैं मसीह नही हूँ।” उसने कहा, “मैं जंगल में पुकारने वाला एक शब्द हूं।”

208 यह उनके सिर के ऊपर से निकल गया, जितना निकल सकता था। वे इस विषय में कुछ नहीं जानते, देखिये, और फिर भी वे उसकी राह देख रहे थे कि आये। “परन्तु यह उसके समान नहीं हो सकता था। ओह, प्रभु, वह तो भयानक होगा।”

“तू कौन से विद्यालय से है? ”

“किसी से भी नही”

“क्या तेरे पास तेरा संगति पत्र है? ”

“यह क्या होता है? ” देखा?

209 वह परमेश्वर का अभिषिक्त था। उसने कहा, “मेरे पास एक चीज है। कुल्हाडा पेड कि की जड पर रखा है।” अब बस इतना ही उसके पास यही था उसने लक्कडहारे की भाषा में बातें की ना कि पादरी के शब्दो में; सांप और कुल्हाडी और पेड और आदि। उसने—उसने पुरोहित कि भाषा में बातें नहीं की।

210 परन्तु यीशु ने कहा उसके समान कोई भविष्यद्वक्ता नही हुआ। “कभी भी कोई मनुष्य, स्त्री से उसके समान नहीं जन्मा, आज तक।” यह ठीक बात है। “वह भविष्यद्वक्ता से बढकर था।” वह वाचा का सन्देशवाहक था, ठीक दो आने वाले धार्मिक विधानो के बीच में खडा था। समझे? “एक भविष्यद्वक्ता से बढकर।”

211 और इसलिये वे उसे नही जान पाये। वे उसे समझ नहीं पाये। वह एक प्रकार से एक विचित्र व्यक्ति था, इसलिये उन्होंने इसे छोड दिया, देखिये।

212 तब जब यीशु आया, तब, और निश्चय ही वे उस बढई के लडके को स्वीकार करने वाले नही थे, इसके बढ कर कुछ नही था कि उसके नाम के

साथ एक काला धब्बा या “अवैध” है। और इस प्रकार के व्यक्ति से नही मिलने जा रहे थे।

213 परन्तु, परन्तु देखिये परमेश्वर ने क्या किया। उसने अनपढ, निर्धन मछुआरो, लकडहारो, किसानो, वैश्याओ को लिया और विशिष्ट लोगो को वही बैठे रहने दिया। क्यों? क्या? उसने ऐसा क्यों किया? क्यो उसने ऐसा चीज को किया? क्या आप कल्पना कर सकते है? क्योंकि उन लोगो ने उसे पहचाना कि वह वचन है। अब आईये एक मिनट के लिये उन पर ध्यान दे।

214 यहाँ एक बूढा अनपढ मछुआरा है, अपना नाम नहीं लिख सकता है। बाइबल ने कहा वह एक “अज्ञानी और अनपढ” है। वह अपनी मछली लाकर बैठ जाता है, वहाँ नीचे जाता और सारे कोलाहल को देखता है कि क्या है। परन्तु वहाँ उसके अन्दर गहराई में वह यह जानता है कि बाइबल ने कहा है कि मसीहा... सारे इब्रानी मसीह की प्रतीक्षा कर रहे थे, क्योंकि वहाँ वचनानुसार चीज को घटित होना था जब वह आता है।

215 वहाँ बहुत सारे मसीहा थे, उठे और बोले, “मै वह हूं,” और सैकडो लोगो को अगवा कर ले गये और—और नष्ट हो गये और सब बातें। परन्तु देखिये, यह असली वाले को दूर हटा देगा, जब वह आता है।

216 हमारे पास ऐलिय्याह की चादर और वस्त्र है, और सारी दूसरी चीजें, परन्तु यह—यह—यह—यह उस वास्तविक चीज को दूर फैकना, जब वह आता है। समझे? यह ठीक बात है। सब प्रकार के लोग, जिन्होने वस्त्र और कपडे पहने और सब प्रकार के टोपो और कपडे अपने चारो ओर लपेटे हुये थे और सारी चीजें। जो नहीं... यह सब समर्थन प्राप्त करता है। जैसे कि नकली डॉलर यह दिखाता है कि कही सही वाला है, यदि आप उसे खोज सके। समझे?

217 इस प्रकार वह यहाँ आता है। अब यह उच्चाधिकारी बाहर आते है और वे अपने अनुकल्पो पर इतने अधिक थे! “क्यो,” उन्होंने कहा, “अब यदि मसीहा आता है, तो वह निश्चित रुप से कैफा के पास आयेगा, वह हमारे नामधारियो में आयेगा वह फरीसियो के पास आयेगा।” सदूकियों, “यही आप सोचते है! वह सदूकियो के पास आयेगा।” जैसे कि वे वहां पर थे, आज भी उनके पास वही बात है, अब।

218 परन्तु जब वह आता है, तो वह अपरिचित था, ओह वह आयेगा उनके विचारो से बिल्कुल विपरित, परन्तु वह वचन के अनुसार आयेगा। और उन्हे वचन नहीं मालूम।

219 मै आप से कहूँ कि, वास्तव में, आप भी होंगे... यह गहराई में बैठ जायेगा। मैं चाहता हूँ कि आप समझ जाये। आज आपके साथ यही मामला है, देखिये आप वचन नहीं जानते! समझे?

220 यीशु ने कहा, "तुम आकाश के विषय में जान सकते हो, परन्तु समय के चिन्ह को तुम नही जानते।"

बोले, "हमारे पास मूसा है।"

221 इसलिये, कहा, "यदि तुमने मूसा को जाना होता, तो तुम मुझे भी जानते।" मूसा को नहीं जाना, इसलिये वे नहीं जान पाये। वे बस मतसार को जानते है, जहाँ से वे जन्मे है।

222 अब चलिये इस बूढे मछुआरे को लेते है। उसकी टोकरी नीचे रखते है। अपनी सफेद दाढी को नीचे करता है और जाता है, "मैं विश्वास करता हूँ, मैं देखुंगा कि यह कौन है।"

223 भाई ने कहा, "आ जा यहाँ नीचे चलते है।" कहा, "कि यह तो वही व्यक्ति है यह तो वही है उस दिन उन्होंने कहा... बीती सारी रात मैं उसके साथ रहा। यूहन्ना तुम जानते हो, इस विषय में मैं तुम से बाते कर रहा था? "

224 "जी हाँ, वहाँ वह जंगली पुरुष! हाँ, मैने वहाँ उसके विषय में सुना।" "अच्छा," वो बूढा शिमोन, तुम जानते हो, कहा, "मैंने उसके बारे में वहां सुना था। जी हाँ, दो तीन महीने पहले मैं वहाँ पर था। हाँ।"

225 "ठीक है, उसने कहा... और एक दिन वह वहाँ खडा था उसने एक अजीब बात कही, उसने कहा, 'तुम जानते हो अब वह सीधा-सीधा यहाँ आता है!' उन्होंने कहा, 'तुम कैसे जानते हो? ' उधर की ओर देखा; बस एक साधारण मनुष्य वहाँ खडा है। उसने कहा, 'मैं परमेश्वर के आत्मा को कबूतर की नाई उतरते देखता हूँ मैं एक आवाज को कहते हुये सुन रहा हूँ कि, "यही है वह यह मेरा प्रिय पुत्र है जिसमें रहने के लिये मैं प्रसन्न हूँ।"' तब वह सीधा पानी में गया और उसे बपतिस्मा दिया आदि। भाई, वहाँ उसने कहा कि वह उसे जानता है।"

226 "ओह, मैं नही जानता," शमौन बोला। "मैने यह सब बहुत बार सुना है।" परन्तु वह यहाँ आता है। परन्तु उसके हृदय की गहराई में पहले से ठहराया हुआ बीज है। समझे? यीशु ने ऐसा कहा। ठीक है। उसके पास गया, चलता हुआ गया कहा, "मैं सभा में जाऊंगा और देखुंगा।" और देखिये, वहाँ जाता है।

227 वहाँ यीशु खडा था, बस एक साधारण सा व्यक्ति चल कर आया। उसने कहा, "क्यों, तेरा नाम शमौन है। और तेरे पिता का नाम योना था।" इससे उसकी हवा निकल गयी। क्यो? वह छोटा अनन्त जीवन का बीज वहाँ प्रभावित हुआ। जी हाँ, श्रीमान।

228 कहा, "एक मिनट रुको! यह कैसे है? तूने मुझे कभी नहीं देखा। ना ही तू मेरे पिता को जानता है क्योंकि उसको मरे हुये वर्षो बीत गये। परन्तु तूने आकर, मुझे यह बता दिया? अब मैं जानता हूँ कि बाइबल कहती है... " अब, यह वह कि वापस जाकर देखे प्राचीन क्या कहता है। "परन्तु बाइबल ने कहा कि मसीहा एक भविष्यद्वक्ता होगा। और वह है। यही है वह।"

229 एक दिन वह सामरिया से होकर जा रहा था, वहाँ वह यहूदिया के झुण्ड के साथ निकल कर जाता हुआ। उसने उन्हें छोड दिया। और यह छोटी बदनाम स्त्री वहाँ निकल कर आयी, सम्भव है, सुन्दर छोटी महिला, आप जानते है। उसे गली से एक बालक के समान निकाल दिया गया था। और वह वहाँ से जा रही थी, सम्भव है वह किसी चीज के विषय में विचार कर रही थी। उसने वहाँ पहुंच कर अपनी बाल्टी रखी। और उसने अपनी रस्सी नीचे करनी आरम्भ की, आप जानते है, पानी लेने के लिये और उसने एक पुरुष को कहते सुना, "मुझे पानी दे।" उसने चारो ओर देखा और वहाँ एक अधेड सी आयू का यहूदी बैठा था।

230 उसने कहा, बोली, "क्या तू यहूदी नही? तुझे यह नही करना चाहिये। तेरे लिये मुझ से बात करना व्यवहारिक नहीं। मैं सामरी हूँ।"

231 उसने कहा, "परन्तु यदि तू जानती कि तू किस से बात कर रही है, तू लाती... तू मुझ से पीने को मांगती।"

232 कहा, "तेरी बाल्टी कहां है? " समझे? "तेरी रस्सी कहाँ है? "

"ठीक है," उसने कहा, "जो पानी मैं देता हूँ जीवन है।"

233 "क्या? " देखा? "क्यों," वह बोली, "तुम क्यों यरुशलेम में भजन करना चाहते हो। और हमारे पूर्वजो ने आराधना की... "

234 “ओह,” उसने कहा, “यह ठीक है, परन्तु,” कहा, “हम यहूदी जानते है कि हम जो आराधना करते है। परन्तु,” कहा, “आप जानते है, समय आ रहा है जब—जब मनुष्य यरुशलेम में आराधना नहीं करेगा या इस पहाड पर।” उसने कहा, “वे—वे परमेश्वर की आराधना आत्मा में करने जा रहे है, क्योकि वह एक आत्मा है, आत्मा और सच्चाई।” अच्छा, वह अध्ययन करने लगी, आप जानते है।

और उसने कहा, “जा जाकर अपने पति को यहाँ बुला कर ला।”

उसने कहा, “मेरा पति? मेरे पास कोई पति नही है।”

235 “क्यो,” कहा, “यह सच है।” कहा, कहा, “तू पांच के साथ भागी फिर रही थी और अब छठवा है।” और कहा, “तेरे पास पांच थे। और—और, आप, आप जानते है। तूने सच बताया।”

236 ध्यान दे! यह क्या था? उजियाले ने उस बीज को प्रभावित किया। जो वहाँ पडा हुआ था, जो परमेश्वर के द्वारा बोला गया था। जी हाँ, श्रीमान।

237 वह बीज पृथ्वी पर था। जब परमेश्वर ने जल को हटा दिया और सूरज उस पर चमका, वह ऊपर आ गया। यह ठीक बात है। समझे? कुल मिलाकर इसकी आवश्यकता थी, जो सूरज था। बस उजियाले की आवश्यकता हुयी। जी हाँ, श्रीमान।

238 और तब जब पवित्र आत्मा उसमें, उसके बीते समय को झकझोरा, और उसे दिखा दिया, उजियाले ने उसपर प्रहार किया। उसने कहा, “श्रीमान मुझे प्रतित होता है, कि तू एक भविष्यद्वक्ता है।” उसने कहा, “अब हम जानते है, मैं यह जानती हूँ कि जब मसीह आता है, यही जो वह करने जा रहा है, और हमारे पास सैकडो वर्षो से भविष्यद्वक्ता नहीं, सैकडो वर्षो से हमारे पास सच्चा भविष्यद्वक्ता कभी नहीं था।” और उसने कहा, “तूने मुझे मेरे पति के विषय में कैसे बता दिया और मुझे बताया कि मेरे पास कितने थे और आदि–आदि। क्यों।” कहा, “मैं यह नही समझ पाती।” कहा, “जब मसीह आता है, वह यह करने जा रहा है। परन्तु तू कौन है?”

उसने कहा, “मैं वही हूँ।”

यही था। समझे? एक वेश्या!

239 और याजक ने चारो ओर देखा और कहा… भाई उनको अपनी भक्त मण्डली को उत्तर देना था। कहा, “उस, व्यक्ति के साथ मूर्ख ना बनो।

वह—वह शैतान से ग्रस्ति है, बस अब यही अन्तर है।” आज भी वही बात है। समझे? आज वही बात है, ठीक बैसे ही प्रभावशाली। हाँ। हाँ, श्रीमान।

240 वह, वह यह जान गयी क्योंकि उजियाले ने प्रभावित किया। वे… वे मुछुआरे, लक्कडहारे, किसान, महसूल लेनेवाले, वैश्याये, उस सधारण वचन ने जो कहा उन्होंने उसमें देखा कहा वह करेगा। और फरीसी यह नहीं देख सके अपने रीति रिवाजो के कारण। [भाई ब्रन्हम रुकते है, एक प्रकार से इशारा करते है, सभा सकारात्मक उत्तर देती है।—सम्पा।] वे अपने रीति रिवाजो के कारण नहीं देख सके। परन्तु वैश्यायें, किसान और सारे उन्होंने यह देखा, सारे जो पहले से ठहराये हुये थे, जब सन्देह समाप्त हो गये, बीज बढने लगा। यह ठीक बात है।

241 उसने क्या किया? उसने कहा, “अच्छा मैं प्रसन्न हूँ कि मेरी भेट मसीहा से हो गयी”? ओह, नहीं भाई, वह सीधी नगर को चली गयी, पानी के विषय में भूल गयी । उसने कहा, “आओ, देखो एक मनुष्य, उसने सारी चीजे जो मैंने की मुझे बता दी, क्या यही तो वह मसीह नहीं जिसके लिये वचन कहता है कि वह यह करने वाला है? क्या यह, ठीक वही नहीं? ” और लोग वही चीज देख सके।

242 जैसा कि यीशु ने संत यूहन्ना 14:12 में कहा, यह फिर से होगा। यह उसने लूका में भी कहा, जब उसने कहा, “जैसा कि यह नूह के दिनो में हुआ था।” कि परमेश्वर ने कैसे अपने आपको मनुष्य में प्रकट किया और बताया कि उसके पीछे कौन था; और सारा ने क्या किया तम्बू में हंस रही थी। और मलाकी के सारे वचन और आदि–आदि अन्त के दिनों में भविष्यवाणी की। इब्रानी 4 ने कहा जब “वो वचन” वापस आता है। मलाकी 4 ने कहा, यह एक मनुष्य के द्वारा वापस लाया जायेगा। इब्रानी 4 ने कहा, “परमेश्वर का वचन हृदय के विचारो को परखता है।”

243 और वे इसे होते हुये देख सकते थे, और इसे छोड कर चले गये। उनके रिवाजो ने इसे छिपा दिया और प्रभावरहित बना दिया। हम ठीक यही पर है, बस कुल मिलाकर। ओह।

244 आप जानते है, आज भी वह वही चीज कर सकता है, वह ठीक दृश्य पर आयेगा और उन्ही चीजो को करेगा जो उसने तब की, जैसा कि उसने कहा वह करेगा। समझे? उसने यह करने की प्रतिज्ञा की। उसने

यह करने की प्रतिज्ञा दी है। और आदि वह वही चीज करता है, लौदिकिया के सन्देशवाहक को यही करना था।

245 और तब यदि लौदिकिया की कलीसिया यह होते देखती है, वे ठीक वही करेंगे, जो इब्रानी कलीसिया ने आरम्भ में किया। कोई मतलब नही, यह कितना प्रमाणित हुआ। ओह, वे यह करेगे, जो भी है। ओह, प्रभु!

246 अब, यह कहता है यह होगा। हम मूल वचन पर वापस जायेगे और प्रतिज्ञा के समान प्रकट हो गया कि विश्वास को वापस लाये, मूल विश्वास को फिर से। और यदि वह अपने आपके प्रकट करे कि वह अपने लोगो के मध्य में रह रहा था, इन चीजो को करने के द्वारा; यहाँ तक कि उसने अपना चित्र भी उतारने दिया वैज्ञानिक रीति पर सिद्ध होता है। और फिर भी वे इसका विश्वास नही करते। और सिद्ध हो गया कैमरे कि यांत्रिकी आंख ने उसे वहाँ खडे हुये पकडा, वही अग्नी स्तम्भ, कल, आज और सदा तक एक सा है, इब्रानियों 13:8 ने इसे दर्शाया कि यह—यह वैज्ञानिक है। और इस प्रकार से यह प्रमाणित हो सका, यह प्रमाणित हो रहा था।

247 और आप जानते है, वे सम्भवत: वही चीज होंगे। सम्भवत: वे वहाँ से चले गये और चीजो को किया, जैसा उन्होंने किया।

248 ओह, परमेश्वर हमारी सहायता करे! हम थोडा सा यहाँ पर रुकेगे, परमेश्वर हमारी सहायता करे कि हम इसे देख सके, मेरी प्रार्थना है जैसा कि अब हम आते है। क्योंकि मैं आप लोगो को देर तक रोके नही रहना चाहता हूँ। परमेश्वर इसे देखने में हमारी सहायता करे। मैं विश्वास करता हूँ कि संभव है, आत्मा हमारे ऊपर हो, यह इस समय होगा कि वह प्रकट करने में हमारी सहायता करे, इस मोहर के खोलने में।

249 हम इसे पढे। जैसा कि हम कलिसिया की स्थिति को, जिसमे यह है देखते है, हम देखते है यह कहाँ पर थी, देखा कि उन्होंने क्या किया, देखा कि उन्हे कहा, आ जाना चाहिये था, देखा कि उन्हे क्या करना चाहिये था। उन्होंने बस वही किया। अब, आप देखते है कि हम कहॉ पर हैं? आप आंक रहे है। मै नही आंक सकता। मैं तो इस वचन को लाने के लिये उत्तरदायी हूँ, जैसा कि यह मुझे दिया गया, मैं दे सकता हूँ, जब तक यह मुझे नही दिया गया, मैं इसे न ही दे सकता था; कोई भी नही सकता।

*और जब उसने तीसरी मोहर खोली, तो मैने तीसरे प्राणी को यह कहते सुना आ और देख, मैने दृष्टि की और देखो एक काला घोडा है; और उसके सवार के हाथ में एक तराजू है।*

*और मैने उन चारो प्राणियो के बीच में से एक शब्द यह कहते सुना, दीनार का सेर भर गेहू और दीनार का तीन सेर जौ; पर तेल और... दाखरस की हानि ना करना।*

250 अब, मेम्ने ने पुस्तक को अपने हाथ में ले लिया है, मोहरो को तोड रहा है, उसने पहली वाली तोडी, दूसरी तोडी और अब वह तीसरी तोड रहा है। और जैसा कि वह इसे तोडता है, मेम्ना इसे तोडता है, तीसरी मोहर, तीसरा पशु...

251 अब कितने यह जानते है कि तीसरा पशु कैसा दिखाई पडता है? मनुष्य के समान दिखाई पडता है। पहला वाला सिंह के समान दिखाई पडा; दूसरा वाला बछडे के समान दिखाई पडा था, एक बैल; और तीसरा वाला मनुष्य के समान दिखाई दिया। और उसने जीवधारी को कहते सुना... पशु को, जीवधारी मनुष्य के समान यूहन्ना से कहा, “आ, देख यह क्या है, यह भेद जो कि छिपा हुआ था।” छुटकारे के इन सारे वर्षो में जब से पृथ्वी की रचना हुयी यह इस मोहर के नीचे छिपा था, कि क्या घटित होने जा रहा है। अब, “आ, देख यह क्या है।”

252 और इसलिये उसने इसे खोला। एक गर्जन होती है, और मेम्ना मोहरो को खोलता है।

253 अब यूहन्ना आगे बढा, देखने के लिये कि यह क्या होगा उसने क्या देखा? उसने एक काला घोडा देखा। और उसके सवार के पास एक तराजू था या पैमाना, उसके हाथ में। अब, यह पहली चीज जो उसने देखी। जब, मेम्ने ने यह घोषणा की, मोहर को तोडा, तब दूसरे पशु... देखिये, वे पशु उस घोषणा के लिए घूम रहे है, “आ देख।” और यूहन्ना, कहाँ खडा था हो सकता है, *इस* प्रकार से वह वहाँ गया, जब मेम्ने ने खोला और वहाँ गया। अक्सर...

254 गर्जन हुयी, जैसा कि हमने पहली मोहर को देखा। और वह ध्यान देता है, देखे कि क्या घटित होता है। और वह एक मनुष्य को आते हुये देखता है, पहले एक सफेद घोडे पर। वह देखता है, वो घुडसवार निकल जाता है और यूहन्ना उसे अन्त तक जाते देखता है। वह उसे आते हुये देखता है,

उसका सफेद घोडा, उसके हाथ में धनुष है और घुडसवार के पास, और उसके पास तीर नहीं है। और अगली चीज वह देखता है, उसको एक ताज मिला, सवार हो निकलता जाता है।

255 तब, हम पाते है तब, मेम्ना यहाँ फिर से आता है, वह दूसरी वाली खोलता और देखता है अब यहाँ पर एक—एक लाल घोडा आता है। इस मनुष्य के हाथ में तलवार है। वह वचन में से होता हुआ निकलता है, देखिये, यह तलवार उसके हाथ में है, मार डालने को था और पृथ्वी पर से शान्ती उठा ले।

256 अब मेम्ना दूसरी मोहर खोलता है, दूसरा वाला जीवधारियों में से, मनुष्य के समान बोला, "आ, देख।" अब वह बढता है, देखिये यह क्या है। और जब वह यह करता है, तो वहाँ एक घुडसवार काले घोडे पर आता है।

257 अब, बीती रात्रि, हमने पाया वही घुडसवार, जो सफेद घोडे पर था, वही लाल वाले पर है।

258 और पशुओ के बीच से एक शब्द आया, बुलाया, आप देखते है, वहाँ वह देखने आता है कि यह क्या था। वह इन जीवधारियों में था और उसने इस काले घोडे को देखा।

> *और जब... मैने उन चारो प्राणियों के बीच में से एक शब्द यह कहते सुना, दीनार का सेर भर गेंहू और—और दीनार का तीन सेर जौ; पर तेल और दाखरस की हानि ना करना।* (समझे? )

259 यह घुडसवार, आईये इसके ऊपर विचार करे। यदि आप पहले घुडसवार पर ध्यान देगे, वह कौन था और बीती रात्रि में हमने पाया, वचनानुसार, दूसरा घुडसवार ठीक वही पुरुष है केवल वह दूसरे घोडे पर है। क्या हुआ? उसने अपनी सेवकाई बदली। समझे? ठीक है हमने पाया वह एक मसीह विरोधी है, और उसने अपनी स्थिति बदल दी।

260 हम पाते है कि वह जब पहले, बस एक सफेद घोडा था वह एक शिक्षा बन गया। अब, हम हर एक को वापस वचनों में ले जाते है। समझे?

261 अब, ध्यान दे, आज रात्रि हम कहाँ पर है वह दूसरा कलीसिया युग, अब। समझे? अब हम तीसरे कलीसिया युग पर आ रहे है। समझे? ठीक तीसरे कलीसिया युग पर, वह ठीक तीसरे घोडे के समान है। समझे?

262 अब, पहला कलीसिया काल यह क्या था? निकोलाईयो के पास एक शिक्षा थी। देखिये, बस पहला वाला। ठीक है। और फिर पहली बात हम जानते है; कि यह निकुलाईयो की शिक्षा, इसे अनुमति दे दी गयी कि ठीक थी और व्यवहार में आ गयी। और उन्होंने इस मनुष्य को ताज पहनाया। तब यह आत्मा, मसीह विरोधी, एक मनुष्य में अवतरित हो गयी। समझे? और हम पाते है बाद में वह शैतान का भी अवतार हो गया; प्रेत चले गये और शैतान अन्दर आ गया।

263 और जैसे कि यह कलीसिया इस प्रकार की है, मसीह विरोधी कलीसिया, उन्नति करती है; इस प्रकार दुल्हन दूसरी चीजो के साथ आती है; न्यायोचितता, पवित्रीकरण पवित्र आत्मा के बपतिस्मे में से होते हुयी और आगे बढती जाती है, देखिये, इस प्रकार से। केवल, उन्होंने पहले अपनी बेदारी को लिया और कलीसिया इसे अन्त में ले रही थी। उनके पहले तीन वर्ष... उनकी पहली तीन स्थितियां जो कि अंधकार के युग से निकली, तब तीसरी, तीन स्थितियां, कलीसिया को बाहर लेकर आती है; न्यायोचितता, पवित्रीकरण और पवित्र आत्मा के बपतिस्मे से परमेश्वर के अवतरण में कि वह हमारे मध्ये में प्रकट हो। यहाँ वह अन्दर आता है, एक मसीह विरोधी के समान, एक झूठे भविष्यद्वक्ता के समान, फिर पशु, तब अंधियारे युग में। और कलीसिया उस अंधकार के युग से बाहर आती है; न्यायोचित, पवित्रकरण, पवित्रआत्मा का बपतिस्मा अवतरित वचन अब जो मार्ग है। और वह नीचे बढता जाता है। ओह, आप इसे देखते है? वह नीचे बढता है, कलीसिया ऊपर जाती है, यह उतनी ही सिद्ध है जितनी हो सकती है। ओह, यह सुन्दर है। मैं बस इससे प्रेम करता हूँ।

264 यह घुडसवार वही वाला है, परन्तु अपनी सेवकाई की दूसरी स्थिति में।

265 पहली स्थिति, एक सफेद घोडा, देखिये, बस एक शिक्षक है, बस एक मसीह विरोधी शिक्षक। वह परमेश्वर के वचन के विरोध में है।

266 और अब आप कैसे मसीह विरोधी हो सकते है? कोई भी जो इस बात का इन्कार करता है कि इसका हर शब्द सच्चा नहीं है और उसे वैसा ही सिखाया जाये, वह एक मसीह विरोधी है, क्योंकि वे उस—उस—उस—उस—उस वचन का इन्कार करते है। और वह वचन है।

267 अब, पहली स्थिति, सफेद घोडा, वह बस एक शिक्षक था, परन्तु एक मसीह विरोधी आत्मा उसकी शिक्षा में थी और उसकी गुणवत्ता। वह

अहानिकारक था। वह कोई भी हानि नहीं पहुंचा सकता था, ऐसा प्रतीत हुआ; बस चलता रहा। शैतान इसी प्रकार से अन्दर आता है। ओह, वह चालक चिडिया है।

268 उसने हवा को बताया, कहा, “अब, आप जानते है कि आप बुध्दि की खोज में हैं। सही और गलत क्या है, आप नहीं जानते।” कहा, “अब यदि आपकी आंखे खुल गयी थी तो आप जानते कि क्या।” और कहा, “फल बहुत मनभाऊ है। यह अच्छा है। यह यह आंख को भाता है। अब तुम्हे यह लेना चाहिये। आप नही जानते कि, यह है या नहीं, क्या आप जानते है? ”

“नहीं मुझे नही मालूम। परन्तु परमेश्वर ने कहा कि इसे ना करना।”

“परन्तु, ओह, भाई, मैं जानता हूँ, परन्तु... ”

“परमेश्वर ने कहा वह... हम मर जायेगे।”

269 उसने कहा, “निश्चय ही यह नही होगा।” देखिये, जितना मीठा हो सकता है। देखिये इसने क्या किया।

270 ध्यान दे, यह मसीह विरोधी आत्मा आरम्भिक कलीसिया के विरुध्द उठ खडी हुयी, निकोलाईयों की एक शिक्षा। *निकाओ*, “जीतना” जनसाधारण एक पवित्र मनुष्य बनाओ। ओह, यह तो... “भाई, हम बस संगति चाहते है। तुम क्यों वहाँ बिखरे हुये हो; कोई नही जानता कौन कहाँ है। मैं सोचता हूँ हम सब को संस्थागत होना चाहिये और भिन्न रहे। देखिये, हम जाते, और अपने आप को इकट्ठा करते है। इसमें हमें एक सराय बना लेनी चाहिये।” और यही जो है मैथोडिस्ट की मसीही कलीसिया ऐसी कोई चीज नहीं है। वह कोई कलीसिया नहीं है; वह एक सराय है, बैपटिस्ट, यह कोई कलीसिया नहीं है; यह एक सराय है।

271 केवल एक ही कलीसिया है, और वह यीशु मसीह की रहस्यमय देह। और आप उसमें जन्मे है, यह ठीक बात है। पहले से ठहराये जाने के द्वारा। यह ठीक बात है। “वह सब जो पिता ने मुझे दिया है, मेरे पास आयेगा। कोई नही आ सकता जब तक पिता ही उसे ना बुलाये, और सब जो उसने मुझे दिया है, मेरे पास आयेगा।” इसलिये, वह, यही बात है। वह बस...

272 मेम्ना वहाँ बैठता है, बिचवाई कर रहा—कर रहा है जब तक कि अन्त वाला अन्दर ना आ जाये। छोटी–छोटी घंटी बजती है, और वह बाहर आ

कर और तब अपना अधिकार लेता है, देखिये, यही कुल मिलाकर है; अपनी कलीसिया को घर लाता है, अपनी प्रजा को। और अपने शत्रु को आग की झील में डाल देता है, और उसके लोग उसके साथ भीतर चले जाते है और यही है। तब हम सहस्त्रशताब्दी में बाहर आते है।

273 अब वही घुडसवार। पहली स्थिति वह निर्दोष था। दूसरा, अब यदि आप थोडा ऊंचा जाना चाहते है, इससे थोडा और ऊंचा; दूसरी स्थिति, बाइबल ने कहा, “उसे एक ताज दिया जायेगा।” और उन्होंने एक मनुष्य को ताज पहनाया, एक श्रेष्ठ व्यक्ति। देखिये, उसे ताज पहनाया! और फिर बाइबल ने उसे पोप नही कहा। बाइबल ने उसे “झूठा भविष्यद्वक्ता” कहा। क्यों? जी हाँ। निसन्देह उसे झूठा भविष्यद्वक्ता होना चाहिये अपनी उस मसीह विरोधी आत्मा के द्वारा, उस मसीह विरोधी ने मूल वचन के विरोध में सिखाया। क्योंकि, यदि वह मूल वचन के विरोध में सिखाता है, तो यह मसीह विरोधी है। यह था। और वचन परमेश्वर था, देखिये, मसीह। ठीक है। अब, इसके पश्चात उसे ताज पहने हुये पाते है। और जब उसे ताज पहना दिया जाता है, अब। वह बहुत ही अबोध और असहाय है। वह बस एक छोटा व्यक्ति है।

274 परन्तु तब नीसियन सभा में उसने यह बनाया और कोन्सटन टाईन ने उसे सारी सम्पति दी। और तब उसने क्या किया? तब वह, देखिये, शैतान ने उसे अपना सिंहासन और अधिकार दिया। बाइबल ने ऐसा कहा, जैसा कि हम इसमे होकर निकल चुके है।

275 अब, अगली चीज हम पाते है कि शैतान सारी राजनीति का नियन्त्रण रखता है जो कभी रही या कभी होगी। यह हम मत्ती 4:11 में पाते है। और अब हम पाते है, तब, वह शैतान उसके पास पहले ही राजनीति है।

276 परन्तु वह कलीसिया को लेने का यत्न करता है, इसलिये वह इसे धोखा देने के लिये जाता है। परन्तु उसके पास उसका श्रेष्ठ मनुष्य है उसे संस्था में कार्यरत करता है और उसे मसीह “प्रतिनिधी,” का ताज पहनाता है, मसीह परमेश्वर के बदले कार्य करता है। यह व्यक्ति एक प्रतिनिधी है, परमेश्वर के बदले में। समझे? बिल्कुल वैसे ही, “परमेश्वर के बदले में,” उसे क्या होना चाहिये, एक प्रतिनिधी, मसीह की अधीनता में।

277 अब, अब जब उसने यह किया, तब उसने क्या किया? वह शैतान ने उसी राजनैतिक शक्ति को ले लिया, जो कि उसके पास पहले ही थी और

धार्मिक शक्ति ले ली, जिसके लिये उसे पहले ही ताज पहना दिया, और दोनो को एक साथ मिला दिया।

278 तब उसने, उसे दूसरा नरक का अधिकारी बना दिया। और वे जो उसमे बंद है यदि वे प्रयाप्त पैसो का भुगतान करेगे, तो वह उन्हे, बाहर निकाल देगा। समझे? इसलिये अब वह—वह स्वर्ग के ऊपर प्रतिनिधी है, शोधक स्थान के ऊपर, जैसा कि वह इसे कहता है। बाइबल में ऐसी कोई चीज नहीं है, देखिये, परन्तु इसे कुछ बनाना है। बाइबल कहती है यह अथाह गढ्ढे से आता है, और उसी प्रकार वापस चला जाता है। और पृथ्वी पर, एक शासक है।

279 अब फिर उसे क्या दिया गया? पहले, उसके पास एक धनुष था, परन्तु उसके पास कोई तीर नही था। परन्तु अब उसके पास शक्तिशाली तलवार उसके हाथ में है। अब वह कुछ कर सकता है। तब वह अपने सफेद घोडे से उतरता है; सफेद घोडे का घुडसवार चला गया। अब किसलिये टांगे चौडा कर खडा है? एक लाल घोडा, लहू, खूनी लाल घोडा। वह वास्तव में उस पर है। ओह, निश्चय ही। अब उसे बडी सामर्थ दी गयी है और एक बडी तलवार, कि घात करे, तब वह अपने खूनी लाल घोडे पर सवार होता है।

280 हम दूसरी मोहर से देखते है, जो कि पिछली रात्रि तोडी गयी, उसने पृथ्वी पर से शान्ती उठाली और एक दूसरे को मारा। और उसकी अपनी शहीदो की पुस्तक रोमन कैलोलिक कलीसिया की, इस बात को दिखाती है कि छः करोड अस्सी लाख प्रोटेस्टेटो को घात किया है, संत हिप्पो के समय से... हिप्पो के संत अगस्टीन के बाद से पंद्रह सौ अस्सी के लगभग तक, “छः करोड अस्सी लाख।” शेमकर की *ग्रेट रिफोरमर* यदि आप इसे पढना चाहते है, बल्की ग्लोरियस *रिफोरमर,* देखिये। अब छः करोड अस्सी लाख का अभिलेख शहीद नामें में! जब उनके एक कहलाने वाले संत को प्रकाशन मिला कि कोई भी जो रोमन कलीसिया से असहमत है तो उसे विधर्मी के समान मर जाना चाहिये बजाये कि उन्हे आस–पास बैठाये, लडके वे लहू बहाते रहे! वह—वह अपने सफेद घोडे पर चढा... अपने लाल घोडे पर और सवारी करता चला गया। ओह!

281 अब उसकी महान सामर्थ आती है। वह स्वर्ग का प्रतिनिधी बन गया था और परमेश्वर के समान उसकी आराधना की गयी। पृथ्वी का शासक,

कलीसिया और राज्य को एक साथ मिलाने के द्वारा, उसे पृथ्वी का शासक बना दिया गया; इस पर उसे ताज दिया गया। वह अग्नीशोधक के बाहर प्राणो के लिये प्रार्थना कर सकता था। वह मध्यस्तता भी… वह इस पृथ्वी पर परमेश्वर के समान था, परमेश्वर के बदले। कुल मिलाकर उसके पास महान सामर्थ थी, कि जो उसकी आज्ञा से सहमत ना हो चाहे जिसे मार डाले, कौन उससे कुछ भी कहने वाला है? कलीसिया कुछ नही कह सकती वह उसका प्रधान है, राज्य कुछ नहीं कह सकता, वह उसका अध्यक्ष है। इसलिये वे करोडो में मारे गये। वे सारी छोटी–छोटी कलीसियाये, भाई वे टूट कर बिखर गयी और मार डाली और घात की गयी और सिंहो को खिला दी गयी और सब कुछ समझे? "वह सांप," रोम ने, "उसे उसकी गद्दी और अधिकार दिया।" बाइबल ऐसा कहती है। समझे? इसलिये वह अपने प्रतीक पर चढा, लाल घोडा मनुष्य के लहू से होते हुये, जब तक कि वह एक लाल घोडा नही हो गया।

282 अब यूहन्ना उसे काले घोडे पर देखता है। उसने कुछ बदल लिया है।

283 अब मुझे वैसा ही कहना है, जैसा यह मेरे पास आया है। और फिर और यदि यह मेरे पास आता है और बाकी वचन के साथ मिलान नही होता है तो फिर यह कभी भी परमेश्वर ने नहीं दिया है, वचनों को देखिये होना है हर एक, यह इस प्रकार की बडी—बडी चीज है। वचन को वचन के साथ सहमत होना है। और कोई भी चीज जो वचन के विरुध्द है… यदि प्रभु के उस स्वर्गदूत ने मुझे कुछ भी बताया जो कि वचनानुसार नहीं था, तो मैं उसका विश्वास नही करुंगा। समझे?

284 उस दिन मैने शिकागो में कहा था, जब वे सेकडो सेवक गण… क्या कोई वहाँ सभा में था? निश्चय ही। वह शिकागो की सभा में, मैने कहा, "अब, आप सब वे बातें करते है जो आपके पास है… आप ने सोचा आप इसमे मुझे घुमा देगे, किसी चीज पर।" जैसा कि यह अब इस कमरे में है। मैने कहा, "यह क्या है? तुम्हारे पास मेरे विरोध में है।" मैनें कहा, "पवित्र आत्मा ने मुझे दिखा दिया, तीन रात्रियो पहले कि कौन कहाँ पर होगा, और हम उसमें नहीं होंगे… कार्ल से पूछे यदि यह ठीक बात नहीं हैं।"

285 और वहाँ हेन्क और वे सब थे, "यह ठीक बात है।" आप सब वहाँ सुनने के लिये थे।

286 मैने कहा, “अब आप लोग मेरी शिक्षा पर मेरे विरोध में है। यही मामला है। अब मैं चाहता हूँ कि आप में से एक यहाँ आये, और अपनी बाइबल ले कर मेरे पास खडा हो और इसे निरस्त करे।” यह सबसे शान्त झुण्ड जो कभी आपने सुना। मैने कहा, “आप लोगो के साथ क्या मामला है? ” मैने कहा, “तब, यदि आप जानते है कि आप वचन के विरोध में खडे नहीं रह सकते है। तो फिर मेरा पीछा छोडो आप दिव्यता के डॉक्टरो और सब कुछ और कैसे बाते कर रहे है अपना परिचय डॉक्टर के समान करते है ‘डॉक्टर,’ ‘डॉक्टर,’ ‘डॉक्टर’ और मैं एक हूँ... ” (ओह भाई वुड्स और मैं कहता हूँ “ची चेकर,” या, “ग्रीन होर्न” अनुभव रहित है।) “मेरे पास कोई शिक्षा नहीं है कभी किसी धर्म विद्यालय या विद्यालय से होकर नहीं आया। परन्तु आप अपनी बाइबल लेकर यहाँ आये और मेरे बराबर में खडे हो, और सर्प वंश को गलत सिद्ध करे और यीशु के नाम के बपतिस्मे को या किसी भी उन बातों को जो मैं सिखाता हूँ।” किसी ने एक शब्द नहीं कहा। आप सब यह जानते है। वह सब से शान्त झुण्ड जो आपने कभी देखा होगा।

287 देखिये, वे बस कौवे के समान मैं नहीं जानता क्या। अब, अब यह यहाँ है। मैं लोगो से वाद विवाद में विश्वास नहीं करता, परन्तु जब यह उस स्थान पर आता है, जहाँ वे आपको इसमे घसीटना चाहते है। और मैं तो नही जाता, परन्तु पवित्र आत्मा ने मुझसे कहा, कहा, “वहाँ आओ। मैं तेरे साथ खडा होऊंगा।”

288 उन्हे समय से तीन चार दिन पहले बता दिया। आप सब वहाँ थे और श्री कार्लसन और उन्हे सुना, और—और टोमी हिक्स। और वे सारे वहाँ बैठे थे। और मैं तीन दिन पहले गया और मैने कहा कि, “आप उस स्थान को रद्द करने जा रहे है।”

289 यह तूफानी रात थी। मेरी सभा थी। उसने कहा, “जाकर उस खिडकी के पास खडे हो, वहाँ उस तीसरे छोटे द्वार पर।” और मैं वहाँ गया और वहाँ खडा हो गया। मैने इस प्रकार से बाहर देखा।

290 उसने कहा, “उन्होंने तेरे लिये फन्दा लगाया है, वे तुझ से कहते जा रहे है कि ग्रेटर शिकागो सेवक गणों कि सभा में बोलना है।” कहा कि, “उन्होंने तेरे लिये फन्दा लगाया है, तेरी शिक्षा पर जो मेरे वचन की है।”

291 उसने कहा, “अब, कैसे वे उस स्थान को रद्द करने जा रहे है। उन्हे ये नहीं मिलेगा उन्हे वह जगह मिलने वाली है जहाँ यह भूरा है।” कहा, “यहाँ यह दिखता है।” मै रुका, और मैने अपने आप को कोने में देखा; पीछे मुडकर देखा और दिखाई दिया। मैने उन सब को वहाँ देखा। मैने उन सारे सेवक गणों को वहाँ बैठे देखा, जिस प्रकार वे थे। मैने उन सब को देखा। और उसने कहा...

292 “ओह,” मैने सोचा, “तो प्रभु अच्छा है कि मैं वहाँ नही जाऊं, यदि वे यह करने जा रहे है, मैं उनकी भावनाओ को ठेस नही पहुंचाना चाहता हूँ या कुछ गलत करूं।”

उसने कहा, “जा। मै तेरे बराबर में खडा होऊंगा।” वह हुआ। यह ठीक बात है।

293 अब, आप सारे यहाँ पर गवाह है, जो वहां बैठे थे, और जानते है कि यह सच बात है। यह ठीक है। भाई आपके पास टेप भी है। परन्तु, आप वहीं है, आपने देखा।

294 अब, अब यहाँ वह भेद है इसका। और अब, ये, जब यह मुझ पर बहुत प्रात: प्रकट हुआ, दिन के उजियाले से पहले, तब मैं जल्द ही वचन में गया। और देखने लगा, इसे ढूंढा। यह वहाँ पर था। जहाँ तक है उन में से तीन पूरी रीति से अलौकिक रुप में प्रकट हुयी। जी हाँ। अब यहाँ काले घोडे का भेद है, जो यह है, इसके अनुसार जो मुझ पर प्रकट हुआ।

295 उसने उस पर अंधेरे युगों के समय में सवारी आरम्भ की। यही जो काला घोडा दर्शाता है, अंधेरे युग क्योंकि यह मध्य रात्रि का समय सच्चे विश्वासी के लिये था जो बचा था। अब उस कलीसियायी युग पर ध्यान दे, वह मध्य कलीसिया युग, वह अंधेरा कलीसियायी युग। ध्यान दे, वह कैसे कहता है, “तेरे पास थोडी सी सामर्थ है।” उनके लिये यह मध्यरात्रि थी, सच्चे विश्वासी के लिये, अब ध्यान दे व्यवहारिक रुप में सारी आशा सच्ची कलीसिया से ले ली गयी थी क्योंकि इस व्यक्ति ने कलीसिया और राज्य दोनो का नियन्त्रण ले लिया। वे क्या करने जा रहे थे? देखिये, कैथोलिक वाद ने नियन्त्रण ले लिया। कलीसिया और राज्य दोनो का और सारे वे जो कैथोलिकवाद से सहमत नही थे, मार डाले गये थे, यही कारण है वह काले घोडे पर था। और ध्यान दे, उसने क्या काले कारनामे किये, देखिये, तब आप देख सकते है और आप बस... यदि आप अपना इतिहास जानते

है तो इसे देखे। तब आप... अच्छा, आपको जानना भी नहीं पडेगा कि— कि यह जाने। अब ध्यान दे। सारी आशाये समाप्त हो गयी। यही उसका काला घोडा है।

अब यह अपने सफेद घोडे पर सवार है, धूर्त।

296 तब उसे सामर्थ दी गयी; उसने शांती उठा ली लाखो को मौत के घाट उतार दिया। यही जो वह करने जा रहा है, जैसे कि सवार होकर निकलता है। और वह अब भी यही करता है। समझे?

297 अब, यह यहाँ काले घोडे पर सवार है आ रहा है। अंधेरा युग, यह वह समय था। लगभग वह समय जब कलीसिया स्थिर हुयी, और सामर्थ में आयी उन्होंने हर चीज का गला घोट दिया। और सैकडों, सैकडों और सैकडों वर्ष निकलते चले गये, जो कि हर पढने वाला इसे अंधेरे युगों के समान जानता है। कितने इस बात को जानते है? [सभा “आमीन” कहती है।—सम्पा।] निश्चय ही अंधेरे युग, यही आपका काला घोडा है अंधकार के युग का प्रतिनिधित्व करता है। अब सारी आशाये जाती रही; बिल्कुल कोई आशा नहीं। हर चीज काली दिखाई पडी, उन छोटे विश्वासियों के लिये। अब, यही कारण है यह कहलाया, काले घोडे का प्रतिनिधित्व करता है।

298 “उसका तराजू या उसका तौलने वाला उसके हाथ में है,” आप देखिये। पुकार रहा है, “दीनार का सेर भर गेहूँ और दीनार का तीन सेर जौ।” देखिये, वास्तव में यह गेहूँ और जौ है जीवन के लिये प्राकृतिक पदार्थ। यही जिससे रोटी और चीजे बनती है। परन्तु आप देखिये, वह इसके लिये दाम ले रहा है, इसका क्या अर्थ है कि वह अपने लोगो से दाम ले रहा है। जीवन की एक प्रकार की आशा जो वह उनके पास भेज रहा है, बनाने के द्वारा... यह उसने ठीक उसी समय में आरम्भ किया कि प्रार्थनाओं के लिये भुगतान करे, प्रार्थना के लिये दाम ले। वे अब भी यह करते है; नौविनास।

299 क्योंकि, वह क्या कर रहा था? संसार का धन एकत्र कर रहा था। तराजू, तौल रहा है, “दीनार का सेर भर गेहूँ दीनार का तीन सेर जौ।” काला घुडसवार वह बना रहा था... अपनी प्रजा के लोगों को पैसो से नंगा कर रहा है। जब, बाइबल भविष्यवाणी करती है कि वह थामे है, संसार के धन के विषय में। जैसा कि बीती रात हमने रुस के विषय में कहा, और वह

सारा उन्होंने बस सारे पैसे ले लिये और लोगों को हर चीज के लिये, जो उनके पास था छूछा कर दिया। इसलिये आप यही है।

300 अब ध्यान दे। आप देखिये कहा से यह कलीसिया में पैसे लेता आया है? इस चीज से दूर रहो; कि एक संस्था बनाये; एक बडा कुछ लाखो डॉलर का। और—और आप देखिये इसकी माँ क्या है?

301 धन्यवाद, प्रभु आपका। ओह, प्रभु! मैं बहुत आनन्दित हूँ। जी हाँ श्रीमान। यह उसका अनुग्रह रहा। बस। ठीक है। ठीक है।

302 यह मध्यरात्रि का समय था, क्या अब आप इसे समझते है? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] और यहाँ वह एक प्रकार के जीवन के लिये वसूली कर रहा है, यही उसका जौ और प्राकृतिक चीजे है; आत्मिक नही था अब, यह जौ था देखिये, इसलिये और जौ कि रोटी और गेहूं की रोटी। बस इस प्रकार के जीवन के लिये पैसे वसूल रहा है, जो वह अपने लोगो को दे रहा है, पादरियो के द्वारा प्रार्थना के लिये दाम ले रहा है कि लोगों को अग्नीशोधक से बाहर निकाले! अब मैं यह सब इतिहास में से ले रहा हूं। भुगतान ले रहा है, मैं समझता हूँ यह नोविना है, मैं समझता हूँ हर कोई जानता है क्या है, नोवीना मेरा अनुमान है कि यह कुछ जो आपको करना है, आप जानते है कुछ तपस्या। किसी को इसके लिये भुगतान लेना है। संसार के धन को अपने पास ला रहा है अपने पास, कलीसिया में अपने पास। और वह अब भी सवारी कर रहा है। ओह, निश्चय ही वह है। जी हाँ, श्रीमान। अब भी सवार है!

303 ध्यान दे अब यहाँ अच्छा वाला भाग है। ध्यान दे।

*... देखिये कि तू दाखरस और तेल की हानि ना करना।*

304 "वहाँ पर थोडा सा ही बचा है, परन्तु तू उसे ना छूना!"

305 अब, तेल... आत्मा का प्रतीक है, पवित्र आत्मा का। यदि आप चाहे तो मैं आपको कुछ पद दुँगा। दो वचन हैं लैव्यव्यावस्था 8:12 जहाँ हारुन, इसके पहले कि वह अन्दर जाये उसका तेल से अभिषेक करना होता था आप जानते है। और जकर्याह 4:12 में तेल नलियों में से होकर उण्डेला जा रहा है, और कहा, "यह मेरा आत्मा है, तेल।" दूसरी बात यदि आप चाहते है तो देखिये मत्ती 14... 25, वहाँ एक मूर्ख कुवारी थी या 25:3 मूर्ख कुवारी के पास तेल नही था, आत्मा नही। और मत्ती 25:4 समझदार कुवांरी के पास तेल उसकी कुप्पी में था, आत्मा से भरी हुयी। आत्मा!

तेल आत्मा का प्रतीक है। ओह, महिमा हो! [भाई ब्रन्हम एक बार ताली मारते है—सम्पा।] ठीक है। आप इसे समझ गये? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] ठीक है। अब, तेल आत्मा को दर्शाता है।

306 और दाखरस प्रकाशन की उत्तेजना को दर्शाता है। ओह, मैं—मैं सारे स्थान में भागना चाहता हूं। आश्चर्य है, कि मैने पडोसियो को नहीं जगा दिया, अब प्रभु ने मुझे यह दिखाया, देखिये, "प्रकाशन की उत्तेजना।" समझे?

307 बाइबल में तेल और दाखरस सदा एक दूसरे से सम्बन्ध रखते है। मेरे पास शब्दाअनुक्रमणिका है और देखा। वहाँ इनका सिलसिला है, जो *इस* प्रकार—प्रकार से, जहाँ दाखरस और तेल सारे समय एक साथ चलते है। समझे?

308 जब परमेश्वर के प्रतिज्ञा के वचन का सत्य सच में उसके दासो के ऊपर प्रकट हुआ, जो कि तेल से भरे हुये थे, दाखरस एक उत्तेजना है। महिमा हो! मैं इस समय अनुभव कर रहा हूँ। आनन्द से उत्तेजित है, चिल्लाना! समझे? और जब यह करता है उनके ऊपर इसका वही प्रभाव होता है, जो—जो दाखरस स्वभाविक मनुष्य पर करता है। क्योंकि, जब परमेश्वर के सत्य का प्रकाशन दिया गया, और सच्चा विश्वासी तेल से भरा है, और प्रकाशन प्रकाशित किया गया, उत्तेजना इतनी अधिक हो गयी कि उससे असामान्य व्यवहार करवाया। ठीक है। महिमा हो! [सभा आनन्द करती है।—सम्पा।] देखिये, उनके साथ अब यही मामला है। यह ठीक बात है, कि उन से अप्रत्यमानता व्यवहार करवाता है।

309 अब, यदि आप इसके लिये वचन चाहते है, तो प्रेरित दो पढना आरम्भ कर दे। वे कहाँ थे? उनके पास की हुयी प्रतिज्ञा थी, जब पवित्र आत्मा की सारी प्रतिज्ञा उन पर उण्डेल दी गयी। और... इसका वचन के द्वारा समर्थन हुआ। अब, आप देखिये...

310 क्या हो यदि उन्होंने कहा... "अब, प्रतीक्षा करो, उसने हमसे प्रतीक्षा करने को कहा यहा हमारी सेवकाई के लिये।" और आठ दिनो के बाद, उन्होंने कहा होगा, "भाई, लडको मैं तुम्हे बताता हूँ," मरकुस ने मत्ती से कहा, "मैं—मैं विश्वास करता हूँ, हम इसे पा चुके है। साथियो क्या आप ऐसा नही सोचते? देखिये, हमने पहले ही पा लिया है, जब कि अब हम अपनी सेवकाई में प्रतीक्षा कर रहे है, हमें बाहर चले जाना चाहिये, प्रचार

के लिये। उसने हमसे यहाँ आकर प्रतीक्षा करने को कहा है, और आज यह आठ दिन हो गये कि हम यहाँ पर है।"

"अच्छा, एक और दिन प्रतीक्षा करते है।"

311 नौ दिन हो गये। तब मरकुस आया या—या—या हो सकता है, उन में से एक यूहन्ना बोला, "मैं—मैं—मैं विश्वास करता हूँ कि और प्रतीक्षा नही करनी चाहिए। मैं विश्वास करता हूँ, हमें हम पहले ही पा चुके है। क्या आप नहीं? "

312 तब मैं शमौन को देख सकता हूँ, क्योंकि उसके पास कुंजी थी आप जानते है। "अब लडको एक मिनट रुको! वचन में इसके लिये कुछ कहा गया है। उसने हम से यह कभी नहीं कहा कि कितने दिन तक प्रतीक्षा करनी हैं। उसने कहा, 'आप यहीं ठहरो जब तक! आप वहाँ रुके, जब तक कि योएल की भविष्यवाणी घटित ना हो जाये, जब तक यशायाह की भविष्यवाणी सिद्ध ना हो जाये।'"

313 "क्योंकि थरथराते होठो और अन्य भाषाओं के साथ मैं इन लोगो से बात करूँगा। और यह ताजगी है।" यह वह दाखरस है, जो उण्डेला गया। दाखरस क्या है? प्राण संचार। "यह वह ताजगी है, जो परमेश्वर की उपस्थिति से आता है।" समझे? यह—यह तो अब वचन के अनुसार हो गया। समझे?

314 इसलिये आप देखिये, दाखरस प्रकाशन की उत्तेजना को प्रतिनिधित्व करता है। और जब पवित्र आत्मा उतरा और उन्होंने परमेश्वर की आग को अपने ऊपर उतरते देखा, ओह, इसने उन्हे उत्तेजित करना आरम्भ कर दिया। और पहली बात आप जानते है, वे इतने उत्तेजित हो गये, जब तक की लोगो ने यह नही सोच लिया कि वे पीये हुये है, परन्तु वे तो प्रकाशन से उत्तेजित थे। परमेश्वर के द्वारा... यह यहाँ है! परमेश्वर के प्रमाणित प्रकाशन ने उन्हें स्पष्ट कर दिया, वे इस विषय में आनन्दित थे, परमेश्वर ने इसकी प्रतिज्ञा दी है। यहाँ यह उनपर प्रकट हुआ और उन्हे प्रमाणित किया। आमीन! यह एक मनुष्य खडे हुये कह रहा था, "यही है वह! यही है वह!" और यह वहाँ था उसी चिन्ह के द्वारा प्रमाणित किया जा रहा था, जो आज हमारे पास है। वहाँ—वहाँ प्रकाशन के द्वारा उत्तेजना है। समझे? और अब उनके पास यह तब था।

315 यही कारण है कि पतरस वहाँ बाहर निकला और कहता है, “क्यों तुम यहूदिया के मनुष्यों और तुम जो यरुशलेम में रहते हो, मेरी सुनो। तुम सारे दिव्यता के डॉक्टरो, जो मैं कहने जा रहा हूँ, मेरी सुनो, देखिये।”

316 ओह, कितना आश्चर्यजनक! प्रकट हुआ! प्रकट हुआ! वे इतने उत्तेजित हो गये, जब उन्होंने देखा कि यह समर्थीत है, वे इतने उत्तेजित हो गये। और यही सदा होता है। यह सदा करता है।

317 जब मैं देखता हूँ कि परमेश्वर ने प्रतिज्ञा दी है कि इस दिन में कुछ निश्चित चीजे करे, जब उसने इस अन्त के दिन में मोहर तोडने की प्रतिज्ञा दी है! और आप आनन्द और महिमा को नही जानते, जब मैने उसे यह प्रकट करते हुये देखा, वहाँ खडा हुआ और घटित होते देखा! और जानते कि मैं किसी व्यक्ति को लुंगा कि वसूल करे: उसने हम से ऐसा कभी नही कहा इस तरह चाहे जो हुआ। और तब उस आनन्द को देखिये जो मेरे हृदय में है। जब मैं उसकी प्रतिज्ञा को इस अन्तिम दिन में देखता हूँ जैसा कि उसने करने के लिये प्रतिज्ञा दी है। और यहाँ मैं इसे प्रमाणित होते हुये देखता हूँ और बिल्कुल सही बनाता हूँ। मैं बस... आप मुझे कहते हुये सुनते है, “मैं धार्मिक अनुभव कर रहा हूँ।” यही जो मामला है। उत्तेजना इतनी खराब होती है, मैं—मैं—मैं बस काटने के लिये तैयार था, आप जानते है। उत्तेजना प्रकाशन से! ठीक है।

318 वे प्रकाशन पर इतने उत्तेजित हो गये कि उन्होंने प्रतिज्ञा को सही प्रमाणित कर दिया। अब, ओह, प्रभु! वहाँ उत्तेजना का आनन्द फूट पडा यहाँ तक की लोगो ने कहा, “वे नई मदिरा के नशे में है,” जब परमेश्वर ने अपनी प्रतिज्ञा उन पर प्रकाशित की। और उसने केवल यह प्रकट ही नहीं किया, परन्तु उसने इसे सिद्ध किया।

319 यही जो मैने हमेशा कहा। एक मनुष्य कुछ भी कह सकता है। जी हाँ, वह कुछ भी कहने के लिये सुयोग्य है; परन्तु जब परमेश्वर आस–पास आता है और इसका समर्थन करता है!

320 अब, बाइबल कहती है, “यदि तुम्हारे बीच कोई है जो आत्मिक या भविष्यद्वक्ता होने का दावा करता है। यदि वह इन बातों को कहता है और यह घटित नहीं होती, तो उस पर ध्यान ना दे। उससे बिल्कुल ना डरे, उस मनुष्य से ना डरे। परन्तु यदि वह यह कहता है और यह घटित हो जाता

है; यह मै हूँ आप देखिये, मैं—मैं उस में हूँ। यह सिद्ध करता है, क्योंकि यह मैं हूँ।"

321 और फिर वह छोटी सामरी स्त्री। जब वचन ने कहा कि यह मसीह इन बातों को करेगा और यहाँ वह खडा है और ठीक वैसा ही किया जैसे पवित्र वचन ने कहा। उसने कहा, "वह यह है, आओ एक मनुष्य को देखो! क्या यह ठीक वही चीज नहीं जो कि वचन ने कहा घटित होगी? " देखिये, वह प्रकाशन से उत्तेजित हो गयी। क्या यह ठीक बात है? [सभा "आमीन" कहती है—सम्पा।] वह प्रकाशन से उत्तेजित हो गयी, जब यह प्रमाणित हो गया। समझे? यह ठीक बात है। वह जानती थी कि वहाँ था...

322 "हम जानते है कि मसीह आ रहा है, जो कि मसीह कहलाता है। और जब वह आता है, तो वह यह चीजे करेगा।" उसने यह देख लिया।

और उसने कहा, "मैं वही हूँ।"

323 तब उत्तेजना आरम्भ हो गयी। और वह चिल्लाती हुयी भागी, और सारे नगर में हो कर। और उसने अपना पुराना बर्तन छोड दिया, और वहाँ चली गयी और लोगो से कहा, "आओ देखो!"

324 अब, यदि आप पूर्वी रीति–रिवाजो को जानते है, उसके लिये ऐसा करना गलत था। जी हाँ, श्रीमान। एक इस प्रकार की स्त्री, उसकी कोई नहीं सुनेगी। नही, श्रीमान। देखिये, उसके ऊपर एक धब्बा था, और जब वह... यदि वह इस प्रकार से सडक पर जायेगी और इस प्रकार का व्यवहार करेगी, तो सडक के लोग उस पर कोई ध्यान नहीं देगे।

325 परन्तु, भाई, उसके पास वहाँ जीवन का वचन था! वह उत्तेजित हो गयी थी, आप सके... यह इस प्रकार था कि तेज हवा के दिन घर में आग लगा देना। ओह, वहाँ कुछ है जो इसे हवा दे रहा है! वह—वह तैयार थी। जी हाँ। वे उसे बाहर नहीं निकाल सके। वह परमेश्वर की आग थी, जो जल रही थी। जी हाँ, श्रीमान। उसने कहा, "यदि तुम विश्वास नही करते कि यह ऐसा है, तो बस आप वहाँ आ जाये, जहाँ सभा चल रही है। मैं यह तुम्हे दिखा दुंगी।" जी हाँ। यही है। जी हां। जी हां, श्रीमान।

326 और इसलिये लोग वहाँ निकल कर आये। और उसने यह एक बार और नही किया। परन्तु वे जान गये कि इस स्त्री को कुछ हुआ है। वह बदल गयी, इसलिये उन्होंने उसका विश्वास किया। जी हाँ, श्रीमान। उन्होंने उस पर विश्वास किया।

327 क्योंकि, “विश्वास सुनने से होता है, परमेश्वर की प्रतिज्ञा के सुनने से, परमेश्वर के वचन को सुनने से और ध्यान दे यह वास्तविक होता जा रहा है।” क्योंकि, यह एक बीज है। और जब यह बोया गया, तो यह जीवन को लेगा। तो यह उस चीज को उत्पन्न करेगा जो यह बातें कर रहा है। यदि यह नहीं होता, तो यह परमेश्वर का बीज नहीं है। या, फिर बोने वाला नहीं जानता कि इसे कैसे बोये; तो वह परमेश्वर की ओर से नही भेजा गया कि बीजो को बोये हो सकता है। वह बो रहा है उन चट्टानों के ऊपर था, ऐसा कुछ। समझे? इसलिये आप इसलिये आप देखिये, बीज बोने वाला बीज बो रहा है, परमेश्वर इसकी चिन्ता करता है कि सही जगह पर गिरे, आप देखिये। ओह, प्रभु!

328 तो वह इस काले घुडसवार से क्या कहता है? “तू मेरे दाखरस और मेरे तेल की हानी ना करना! तू इसे मत छुना, मेरा दाखरस और तेल! मेरे पास इसका थोडा सा वहाँ पर है, परन्तु वहाँ अब भी थोडा सा बाकी है। जी हाँ। अब तू इसमे से होकर निकलता जा सकता है और सब प्रकार के जीवन को नाप सकता है जो तूने वहाँ रखा है, यह तुझ पर है। तुझे वहाँ इसका भुगतान करना होगा, परन्तु जब तू दाखरस और तेल पर आये, तू इसे छोड देना!” ओह, प्रभु! यदि तू सके, यदि तू...

329 इस प्रकार से, दूसरे शब्दो में, “यदि तू मेरे किसी छोटे झुण्ड को पकडे, जो मेरे तेल से भरा हो और दाखरस से, देखिये, दाखरस और तेल शुध्द वचन का देख और तू उन्हे मारने जा रहा हो। क्योंकि तू, तू यह कर रहा है, यही जो तू कर रहा है, तो तू उन्हे मरियम की जय हो कहने के लिये बाध्य नहीं करना या इस प्रकार की कोई चीज करना या तुम्हारे कोई मतसार। तू अपने हाथ उन से अलग रखना, वे जानते है कि वे कहाँ जा रहे है क्योंकि वे मेरे तेल से अभिषिक्त है। और मेरे तेल से अभिषिक्त होने के कारण उनके पास आनन्द का दाखरस है क्योंकि वे मेरी प्रतिज्ञा के वचन को जानते है, ‘मैं उन्हें फिर से उठा खडा करने वाला हूँ,’ उसकी हानि ना कर! तू उन्हे कष्ट देने का यत्न ना करना। क्योंकि इससे अलग रहना नहीं।” सारा...

330 वह अपना वचन प्रमाणित करता है और इसे अन्दर लाता है। वे जान गये। वे जान गये है कि वे फिर से जी उठेगे। ओह, कैसे मुझे यह पसन्द है!

व्हूइ! वे सब फिर से जी उठेगे। यहाँ यह काला घोडा आता है, अब सवारी कर रहा है, अंधियारे युग।

331 वहाँ सफेद घोडा निकला; हमने ठीक–ठीक देखा उसने क्या किया। यहाँ लाल घोडा आता है, हम देखते है उसने ठीक क्या किया। यहाँ काला घोडा आता है। आप देखते है, सारे समय वही एक घुडसवार है, इन युगों में से निकलते हुये वह क्या कर रहा हैं।

332 अब हम पाते है वह इसे तौलता है और इसका दाम लेता है बिल्कुल ठीक; गेहू, स्वभाविक, स्वभाविक जीवन। यही जिस पर वे जी रहे थे।

333 परन्तु, प्रतीक: आत्मा, तेल; और दाखरस का आनन्द। "वह आत्मिक जीवन, इसकी हानि ना कर, इसे छोड दे!" वरना, "रोम, तू इसे ना छूना! यह मेरा है! यह मुझसे है!"

334 अब यह मेरे पास एक चीज है मैं चाहता हूँ कि आप जान ले। ध्यान दे, ये चारो प्राणियों में से नहीं था जिसने कहा कि तेल और दाखरस को नहीं छुना, क्या आपने ध्यान दिया? वे चार प्राणी बातें कर रहे थे, परन्तु... ध्यान दे, मै यहाँ जरा इसको पढ दू, बस थोडा सा। देखिये, अब, तौल।

> *... एक दीनार के लिये—के लिये... दीनार का गेहूँ और दीनार का तीन सेर जौ; और देख तू दाखरस और... तेल कि हानी ना करना।*

335 अब यहाँ सुनिये।

> *और मैने—मैंने उन चारो प्राणियो के बीच में से एक शब्द यह कहते सुना...*

336 यह क्या था? वह मेम्ना! आमीन! यह चार प्राणी नही थे। मेम्ने ने यह कहा। क्यों? वह अपनो को लेने जा रहा है, जो उसके है, उसने इसे छुडा लिया है। समझे? आमीन! "तू उस तेल को ना छुना!" नही, श्रीमान। ना कि चारो प्राणी, परन्तु मेम्ना ही था जिसने यह कहा। और, ओह प्रभु! वह मेम्ना! ना कि... चारो प्राणियो ने इसकी घोषणा की। यह स्वयं मेम्ने ने कहा।

337 जब चारो प्राणियो ने कहा, "आ और देख," और बढे, और उन्होंने इस प्रकार से देखा।

338 और उसने कहा, "दीनार का सेर भर गेहूँ और... और इतना *इस* प्रकार से और इतना जौ।" परन्तु तब मेम्ना उनके बीच में से चिल्लाया कहा, "परन्तु

दाखरस और तेल की हानि ना कर!" ओह। यह ठीक बात है। ओह, प्रभु! इसे सुने, "तू इसकी हानी ना कर, लडके, या फिर तू किसी दिन इसका भुगतान करने जा रहा है।" ओह, प्रभु!

नौ तीस।

339 भाई मेरी सबसे अच्छी समझ में, और सब से अच्छा जो मैं जानता हूँ, और उस सबसे जो मैं अपने हृदय में विश्वास करता हूँ, उन तीनो मोहरो का यही सच्चा अर्थ है। मैं इसके लिये परमेश्वर का धन्यवाद करना चाहता हूँ। और मैं यह कहुंगा कि यह वह प्रकाशन है जो वह मुझे देता है। और मुझे दिया है, इसका प्रकाशन। और मैं विश्वास करता हूँ कि हम अन्त के दिनों में रह रहे है।

340 कल आने वाली रात्रि में हम पीले घुड़सवार को लेंगे। और इस समय मैं नही जानता। मैं नहीं जानता। परमेश्वर जानता है कि यह सच बात है। मैं इसके विषय में एक बात भी नही जानता। नहीं।

341 मैंने अपने पुराने संदर्भ को देखा, जो वर्षो पहले मेरे पास था। मैने थोडी देर पहले भाई ग्राहम स्नेलिंग को देखा था; हो सकता है वह बाहर चले गये। परन्तु, मुझे याद है जब मैं यहाँ प्रचार कर रहा था, पहले। मैने देखा जानने के लिये कि वर्षो पहले मैने क्या कहा, एक दिन मैं प्रकाशितवाक्य की पुस्तक को देख रहा था, मैने वे सारे चार घुडसवार एक ही बार में ले लिये।

342 मैने कहा, "एक सफेद घोडा, जो कि आरम्भ की कलीसिया थी, सन्देह नहीं।" मैने एडवेटिस्टो की पुस्तक में से पढा। और मैने वहाँ कुछ पढा। मैने कहा, "कि यह आरम्भ की कलीसिया है, जो जीतते हुये आगे बढ गयी।" और अगला काला घोडा था, मैने कहा... मैं भूल गया कि मैने काले घोडे को क्या कहा था। मैने कहा...

343 या बल्की "लाल घोडा," मैने कहा, "उस घोडे का सम्भवत अर्थ है कि—कि मार्ग में कठनाई है और इसका यह अर्थ है बहुत से युध्द होने को है या कुछ इसी प्रकार से।" मैने कहा, "सम्भवत: बहुत सारे युध्द होंगे।" और तब मैने कहा, "यही जो होगा।" और फिर मैने कहा, "वह—वह पीला घो... "

344 या, "वह वह काला घोडा," मैने कहा, "इसका इसका अर्थ कि—कि सम्भव है कि पृथ्वी पर एक काला समय आये, जब सारे सितारे चमकना

बंद कर दे सूरज नीचे चला जायेगा चाँद अपना उजियाला नहीं देगा।" मैने कहा, "सम्भवत: यही इसका अर्थ है।"

345 मैने कहा, "पीला घोडा, इसका अर्थ बहुत सारी बीमारीयां आ रही है।" अब, मै नही जानता कि इसका क्या अर्थ है। परन्तु, तब ये वह मेरा उसका अनुवाद था, क्योंकि मैने सबसे अच्छा जो मैं ले सका, यहाँ इस प्रकार मंच पर।

346 परन्तु, ओह, मैने लगभग कुछ कहा! ठीक है। व्हूम! ओह! आप—आप देखेगे। बस इस पर ध्यान दे, देखिये।

347 अब, ओह, क्या हम इस घडी के लिये आनन्दित नहीं जिसने कि हम जी रहे है! [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] जब हम इन सब बातों को बढते देखते है, मैं सोचता हूँ:

> राष्ट्र टूट रहे है, इस्राएल जाग रहा है,
> वे चिन्ह जो भविष्यद्वक्ताओ ने पहले से बताये;
> अन्यजाति के दिन गिने हुये है, हेगे से अटक गये
> "ओह, पिछडे हुओ, अपनो में लौट आओ।"
>
> छुटकारे का दिन निकट है,
> भय से लोगों के हृदय रुक रहे है;
> आत्मा से भर जाओ, तुम्हारे चिराग छांट और साफ है
> ऊपर देखो, तुम्हारा छुटकारा निकट है! (ओह, प्रभु!)
>
> झूठे भविष्यद्वक्ता झूठ बोल रहे हैं, परमेश्वर के सत्य
> का, वे इन्कार कर रहे है,
> कि यीशु वह मसीह हमारा परमेश्वर है;

क्या आप इसका विश्वास करते है? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।]

> परन्तु हम वहाँ चलेगे जहाँ चेले चले है
>
> क्योंकि छुटकारे का दिन निकट है
> मनुष्यों के हृदय भय से रुक रहे हैं,
> आत्मा से भर जाओ अपने चिरागो को छाट और साफ
> कर लो,
> ऊपर देखो, तुम्हारा छुटकारा निकट है!

348 क्या यह आश्चर्यजनक नहीं है? [सभा “आमीन” कहती है।—सम्पा।] मुझे यह अच्छा लगता है। छुटकारा निकट है।

और सांझ के समय उजियाला होगा,
निश्चय ही आप महिमा का मार्ग पायेगें;
जल के मार्ग से ही आज उजियाला है,
यीशु के बहुमूल्य नाम में गड जाओ,
युवा और बुढे अपने पाप से प्रायश्चित कर लो,
पवित्र आत्मा निश्चय ही प्रवेश करेगा;
सांझ का उजियाला भीतर आ गया है,
यह सत्य है कि परमेश्वर और मसीह एक है ।

वह वचन है! ओह, प्रभु! आश्चर्यजनक!

जल्द ही मेम्ना अपनी दुल्हन को सदा अपने बराबर में ले लेगा,
स्वर्ग की सारी सेना एकत्र होगी;
ओह, यह महिमा वाला दृश्य होगा सारे संत लोग बेदाग सफेद;
और यीशु के साथ वे अनन्त उत्सव में होंगे।

ओह “आओ और खाओ,” स्वामी बुलाता है, “आओ और खाओ,”
ओह, आप यीशु की मेज पर सारे समय;
उत्सव में हो सकते है वह जिसने भीड को खिलाया,
पानी को दाखरस बनाया भूखो को वह अब बुलाता है, “आओ और खाओ।”

ओह, “आओ और खाओ” स्वामी बुलाता है, “आओ और खाओ;” (वचन का भोजन करो!)
आप यीशु की मेज पर सारे समय उत्सव में हो सकते है;
वह जिसने भीड को खिलाया, पानी को दाखरस बनाया,
भूखो को अब वह बुलाता है, “आओ और खाओ।”

349 ओह प्रभु! क्या आप भूखे है? [सभा आनन्द करती है।—सम्पा।] “धन्य है वे जो धर्म के भूखे और प्यासे है।”

350 क्या आप उससे प्रेम करते है? [सभा “आमीन” कहती है—सम्पा।] क्या आप उससे प्रेम करते है? वह कुंजी कि *मैं उससे प्रेम करता हूँ,* आप जानते है। अब आईये, हम सब खडे हो जाये और अपने हाथो को ऊपर उठाये और अपने आपको उस पर प्रकट करे। “मैं उससे प्रेम करता हूँ, मैं उससे प्रेम करता हूँ, क्योंकि उसने पहले मुझ से प्रेम किया।” ठीक है, अब सब मिलकर।

मैं उससे प्रेम करता हूँ, मैं उससे प्रेम करता हूँ
क्योंकि पहले उसने मुझसे प्रेम किया
और मेरे उध्दार को खरीदा
उस कलवरी के वृक्ष पर।

351 [एक भाई अन्य भाषा में बात करता है। भाई ब्रन्हम रुक जाते है।—सम्पा।] बस वास्तव में श्रध्दा में रहे, यहाँ हमारे पास अनुवाद है, भाई हिगनबोथम। मैं नही जानता कि वह आज रात्रि यहाँ है या नहीं। हम मालुम करना चाहते है कि उसने हम से क्या कहा। बस एक मिनट प्रतीक्षा करे। यहाँ इधर... [एक बहन अनुवाद देती है।]

352 निश्चय ही, प्रभु की महिमा हो! मेरा विश्वास परमेश्वर में ऊंचा उठ गया है। आप—आप उससे प्रेम करते है, आज रात्रि, अपने पूरे हृदय के साथ? [सभा “आमीन” कहती है।—सम्पा।] ओह, उसकी महिमा करे और कहे, “प्रभु यीशु धन्यवाद!” [सभा परमेश्वर की स्तूती करती है।]

353 हम कैसे आपको महिमा देते है, प्रभु अपने सारे हृदय से! परमेश्वर की महिमा हो!

354 बस उसको महिमा दे आप सब लोग। परमेश्वर आपके साथ हो! [सभा निरन्तर आनन्द और परमेश्वर की महिमा करती है—सम्पा।]

***तीसरी मोहर*** HIN63-0320

(The Third Seal)

सात मोहरों की श्रृंखला का प्रकटीकरण

यह सन्देश भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा मूल रूप से इंग्लिश में बुधवार शाम, 20 मार्च, 1963 को ब्रन्हम टेबरनेकल, जेफरसनविले, इंडियाना, यु.एस.ए में प्रचारित किया गया, जिसे चुम्बकीय टेप रिकॉर्डिंग से लिया गया है और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोईस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग के द्वारा छापा गया और बाँटा गया है।

HINDI

©2018 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE

19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM

CHENNAI 600 034, INDIA

044 28274560 • 044 28251791

india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS

P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.

www.branham.org

## कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org